RNI NO. RAJHIN/2013/57419

राजस्थान का सर्वाधिक ई-पेपर दैनिक

अंदोलन नहीं अखबार

# द पुलिस पोस्ट

जयपुर, जैसलमेर, भीलवाड़ा से प्रसारित

जयपुर
शनिवार
28/सितम्बर/2024

वर्ष: 10 : अंक: 160

दूरभाष: 01482 : 455184 : पृष्ठ: 08 : मूल्य: 1.50 रुपए

न्यूज इनबॉक्स

अंध विश्वास की हद पार, तंत्र के चलते बच्चे को दिया मार

## स्कूल की तरक्की के लिए प्रबंधक ने मार दिया ' कृतार्थ '

द पुलिस पोस्ट

**हाथरस(एजेंसी)।** यूपी के हाथरस जिले के सहपऊ क्षेत्र में बच्चे की हत्या के मामले में पुलिस ने एक दिल दहला देने वाली घटना का खुलासा किया है। जानकारी के अनुसार, स्कूल की तरक्की के लिए तांत्रिक क्रिया के तहत 11 साल के कृतार्थ की बलि दी गई है। सहपऊ पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना रासगवां गांव के एक आवासीय स्कूल डीएल पब्लिक स्कूल में हुई है। दूसरी कक्षा के छात्र कृतार्थ कुशवाहा की हत्या गला दबाकर की गई थी। छात्र का शव स्कूल प्रबंधक की कार से बरामद किया गया था। इस मामले में कई लोगों से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया। मृतक के पिता कृष्ण कुमार की ओर से 23 सितंबर को सहपऊ थाना में तहरीर दी गई थी, जिसके आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए थाना सहपऊ पुलिस को निर्देश दिया। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राम प्रकाश सोलंकी, दिनेश बघेल, जशोधन सिंह उर्फ भगत, लक्ष्मण सिंह और वीरपाल सिंह उर्फ वीरू शामिल हैं।

## देवमाली गांव सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव पुरस्कार से सम्मानित

द पुलिस पोस्ट

**जयपुर(कांस.)।** ब्यावर जिले के देवमाली गांव को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर केन्द्र सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार ब्यावर के तत्कालीन कलक्टर उत्सव कौशल और देवमाली गांव की सरपंच पूजा गुर्जर ने ग्रहण किया। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित पुरस्कार समारोह में देवमाली गांव को यह पुरस्कार समुदाय आधारित पर्यटन श्रेणी में दिया गया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़, केंद्रीय मंत्री, संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय मंत्री, नागरिक विमानन किंजरापु राममोहन नायडू, केंद्रीय राज्य मंत्री पर्यटन सुरेश गोपी सहित पर्यटन मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद रहे। भारत के गांवों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 2023 में सर्वश्रेष्ठ गांव प्रतियोगिता शुरू की गई थी। इस प्रतियोगिता के दूसरे संस्करण 2024 में 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कुल 991 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 8 श्रेणियों के अंतर्गत 36 गांवों को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव प्रतियोगिता 2024 में सम्मानित किया गया।

राहुल गांधी पर जमकर बरसे राजस्थान के मुख्यमंत्री

# कांग्रेस का शहजादा राहुल गांधी पकाता है देशद्रोहियों के साथ खिचड़ी : भजनलाल

## हरियाणा विधानसभा चुनाव में झोंकी ताकत

द पुलिस पोस्ट

**सोनीपत(एजेंसी)।** हरियाणा में विधानसभा चुनावों की बिसात बिछ चुकी है। प्रचार प्रसार परवान पर है। आरोप प्रत्यारोप का दौर भी चरम पर है। इस बीच राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राहुल गांधी पर अब तक का सबसे बड़ा हमला बोला है। भजनलाल ने कहा कि कांग्रेस का शहजादा राहुल गांधी विदेशो में देशद्रोहियों के साथ खिचड़ी पकाता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी योगेंद्र राणा के समर्थन में आयोजित जनसभा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने जनसभा में कहा कि कांग्रेस का गरीब और मजदूर से कोई नाता नहीं है। इस पार्टी ने गरीब का हमेशा ही शोषण किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केवल 4 जाति किसान, मजदूर, युवा और महिला को केंद्र में रखकर उनके विकास के लिए काम कर रहे हैं।



### 'राहुल गांधी ने किया दुनिया में देश को शर्मसार'

मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे राहुल गांधी दुनिया में देश को शर्मसार करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। वे सिख भाइयों के लिए अनुचित टिप्पणी कर देश का मान गिराने का काम करते हैं। पूरी दुनिया जानती है कि कांग्रेस सरकार के समय में 1984 के दौरान सिखों के साथ क्या हुआ था। वे जब भी विदेश जाते हैं तो देशद्रोहियों के साथ मुलाकात करते हैं और उनके साथ खिचड़ी पकाते हैं। राहुल गांधी जनता को बताएं कि उनका देश विरोधियों से क्या रिश्ता है?

### भाजपा ने हर वर्ग का किया कल्याण

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में बीजेपी की सरकार ने हरियाणा के विकास को गति दी है। आज हरियाणा विकास के पथ पर दोगुनी रफ्तार से दौड़ रहा है। औद्योगिक क्षेत्रों का विकास, हाईवे का निर्माण और किसानों का कल्याण हमारी बीजेपी सरकार ने किया है। इस विकास की गति को बनाए रखने के लिए भारी समर्थन के साथ बीजेपी की सरकार बनाएं। साथ ही सीएम ने कहा कि आमजन को कांग्रेस के पिछले घोषणा पत्रों को देखना चाहिए, किस प्रकार उसने जनता से झूठे वायदे किए। हमारी सरकार जो कहती है, वो करती है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 और 2019 में किए गए संकल्पों को पूरा किया है। आज देश विकास के पथ पर अग्रसर है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से आज दूर-दराज के क्षेत्रों में सुदृढ़ सड़क तंत्र विकसित हुआ है, जिसका लाभ गांव में रहने वाले लोगों को मिल रहा है।

## दिलावर की दरियादिली, सड़क पर झाड़ू लगाई



द पुलिस पोस्ट

**कोटा(निसं.)।** जिले की रामगंज मंडी विधानसभा में शिक्षा मंत्री स्वभाव के विपरीत कार्य करते दिखे। मंत्री मदन दिलावर शुक्रवार को अपने विधानसभा क्षेत्र रामगंज मंडी में हाथ में झाड़ू लेकर सड़कों पर सफाई की। साथ ही स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान शिक्षा मंत्री दिलावर के साथ क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता सहित अधिकारियों,स्कूली बच्चों, स्काउट गाइड के स्वयंसेवा, आम नागरिकों ने भी सहयोग किया। शिक्षा मंत्री के साथ मिलकर सभी ने रामगंज मंडी के निजी बस स्टैंड से सफाई अभियान की शुरुआत की। स्वच्छता अभियान में सहयोग करने के बाद मंत्री दिलावर ने वहां मौजूद मीडिया से भी बात की। उन्होंने कहा कि जहां स्वच्छता होती है, वहां भगवान निवास करते हैं। इसलिए हमें अपने आस-पास हमेशा सफाई रखनी चाहिए। मंत्री दिलावर ने कहा कि गंदगी बीमारी का घर होती है। जहां गंदगी होगी, वहां लोग ज्यादा बीमार होंगे। इसके अलावा उन्होंने पॉलीथिन और डिस्पोजेबल वस्तुओं का इस्तेमाल न करने की सलाह दी। साथ ही इसके नुकसान बताते हुए उन्होंने कहा कि पॉलीथिन और प्लास्टिक से बनी डिस्पोजेबल वस्तुओं का ज्यादा इस्तेमाल बीमारी को न्योता देता है। इससे कैंसर जैसी घातक बीमारियां होती हैं। हम खाने-पीने की चीजें पॉलीथिन और प्लास्टिक में रखते हैं, जिससे उसके कण हमारे खाने में मिल जाते हैं। जो हमारे शरीर में जाकर कैंसर को जन्म देते हैं। इसलिए अगर हमें अपने परिवार और समाज को स्वस्थ रखने के साथ-साथ रोग मुक्त रखना है तो पॉलीथिन और प्लास्टिक का इस्तेमाल पूरी तरह से बंद करना होगा। बता दें कि शुक्रवार को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने रामगंजमंडी में स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान की शुरुआत की और सफाई की।

## हरियाणा की प्रगति के सफर में पीएम मोदी की सशक्त नीतियों और सीएम नायब के नेतृत्व का योगदानः दीया कुमारी

द पुलिस पोस्ट

**भिवानी(निसं.)।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने शुक्रवार को हरियाणा के भिवानी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सर्राफ के समर्थन में मानहेरू गांव में आयोजित 'जनसभा' को संबोधित किया। उन्होंने इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों से आगामी 5 अक्टूबर को होने वाले मतदान में अधिकाधिक भागीदारी लेने और भाजपा को विजयी बनाकर विकास की नई राह पर आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि हरियाणा की प्रगति के सफर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सशक्त नीतियों और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व का योगदान अभूतपूर्व है। इस बार, एकजुट होकर भाजपा को अपना समर्थन दें और फिर से एक बार कमल खिलाकर हरियाणा को एक नई पहचान दें। इस अवसर पर मोहित चौधरी, ठाकुर विक्रम सिंह, पूर्व राजस्थान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रसन्नचंद मेहता, मंडल अध्यक्ष विनोद स्वामी, नगर मंडल अध्यक्ष विनोद चावला, सुभाष हिंदुस्तानी, विधानसभा सह-संयोजक धर्मेंद्र जिंदल, सरपंच प्रदीप, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता, युवा व मातृशक्ति उपस्थित रहीं।



## कांग्रेस ने हरियाणा में नौकरियों और जमीनों में किए घोटालेः भजनलाल

द पुलिस पोस्ट

**तोशाम(एजेंसी)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को हरियाणा के तोशाम विधानसभा क्षेत्र के बापोड़ा में बीजेपी प्रत्याशी श्रुति चैधरी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा जवानों और किसान की धरती है। मेहनतकश किसान देश को आगे बढ़ाता है और किसान का बेटा मां भारती की सेवा में समर्पित रहता है। लेकिन कांग्रेस ने हरियाणा में नौकरियों और जमीनों में सिर्फ घोटाले किए और 2014 से पहले हरियाणा में नौकरी के लिए पैसे लगते थे। अब 2014 के बाद से डबल इंजन की सरकार में हरियाणा के युवाओं को रोजगार और किसानों को सम्मान मिल रहा है और हरियाणा में विकास की रफ्तार दोगुनी हो गई है शर्मा ने कहा कि मां भारती के सपूतों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर देश को शिक्षा और प्रगति के सपनों के साथ गुलामी की जंजीरों से आजादी दिलाई। लेकिन आजादी के बाद लम्बे समय तक कांग्रेस ने सिर्फ भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण के आधार पर राज किया। गरीबी हटाओ का नारा देने वाली कांग्रेस का गरीबों से कभी कोई नाता नहीं रहा। जबकि 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व ने देश में विकास की परिभाषा को बदल दिया। गरीब कल्याण की योजनाओं, विकास कार्यों से लेकर आतंकवाद के खात्मे सहित हर क्षेत्र में भारत का गौरव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने कहा था कि 21वीं सदी भारत की होगी। नरेन्द्र (स्वामी विवेकानद) के इस सपने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरा किया है और आज दुनिया में भारत का झण्डा बुलन्द हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस झूठी चुनावी घोषणाओं और घोटालों का पुलिन्दा हैं। कांग्रेस हमेशा से सिर्फ चुनावो के



समय झूठी घोषणाएं करती आई है। आमजन को कांग्रेस के पिछले घोषणा पत्र को देखना चाहिए। इनके झूठे वादों को किसी भी प्रमाण की आवश्यकता नही है। जनता को बरगलाने वालों को वोट मांगने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी जब भी विदेश जाते हैं तो देश विरोधी लोगों से मिलते हैं। आखिर आतंकवाद फैलाने वालों और देश को विखंडित करने का विचार रखने वालों से उनका क्या रिश्ता है।

## राइजिंग राजस्थान समिट के लिए अब दिल्ली में रोड शो और इन्वेस्टर मीट, कई देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

द पुलिस पोस्ट

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 30 सितंबर को देश की राजधानी नई दिल्ली में 2 दिवसीय इन्वेस्टर रोड शो और आउटरीच का आयोजन किया गया है. इस 2 दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन 30 सितंबर को मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान सरकार का प्रतिनिधिमंडल इन्वेस्टर मीट में भाग लेगा। चुनी हुई कंपनियों के चेयरमैन/CEO के साथ मुलाकात करेगा। इसके अगले दिन यह प्रतिनिधिमंडल 2 अन्य कार्यक्रमों सीपीएसई कॉन्क्लेव और एम्बेसडर्स राउंडटेबल में भाग लेगा। यह 2 दिवसीय दिल्ली इन्वेस्टर रोड शो और आउटरीच 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत आयोजित किया जा रहा है, ताकि व्यापार व कॉरपोरेट जगत, निवेशक समुदाय और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों को राजस्थान में उपलब्ध निवेश के अवसरों की जानकारी दी जाए और उन्हें प्रदेश में निवेश हेतु आमंत्रित किया जाए. इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन 1 अक्टूबर को विभिन्न देशों के राजदूतों/राजनियकों के साथ एक राउंडटेबल का आयोजन किया गया है, जिसमें राजस्थान सरकार का प्रतिनिधिमंडल राजस्थान सरकार के किए जा रहे महत्वपूर्ण नीतिगत बदलावों और निवेशकों को विभिन्न क्षेत्रों दिए जा रहे में फिस्कल/नॉन-फिस्कल इन्सेंटिव्स वगैरह की जानकारी दी जाएगी। उनके देशों के कंपनियों को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करने में सहयोग मांगा जाएगा।

### सेंट्रल पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइजेज के अधिकारियों से बातचीत

30 सितंबर के दिन सुबह मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के कॉन्क्लेव में भी शामिल होगा और केंद्र सरकार के स्वामित्व वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सेंट्रल पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइजेज) के चेयरमैन/सीईओ और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत करेगा। हिंदुस्तान पेट्रोलियम, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई), एनटीपीसी, गेल इंडिया लिमिटेड, दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन जैसे कई बड़े केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम (सीपीएसई) राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में पहले से ही काम कर रहे हैं. इस कॉन्क्लेव के दौरान राज्य सरकार का यह प्रतिनिधिमंडल सीपीएसई के अधिकारियों को राज्य के कृषि, अक्षय ऊर्जा, शिक्षा और कौशल विकास,




ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक व्हीकल इंफ्रास्ट्रक्चर, केमिकल और पेट्रोकेमिकल, पर्यटन, स्टार्टअप, माइनिंग, ESDM/IT और ITES जैसे क्षेत्रों में मौजूद विकास के अवसरों और नई संभावनाओं के बारे में बताएगा।

### कई देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल


इस एम्बैसेडर्स राउंडटेबल में भाग लेने के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, इटली, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, डेनमार्क, इंडोनेशिया, मलेशिया, सिंगापुर, तुर्की, स्पेन, स्विट्जरलैंड, कतर, ब्राज़ील, दक्षिण अफ्रीका सहित कई प्रमुख देशों के राजदूतों/राजनयिकों को आमंत्रित किया गया है. इसके तहत पिछले एक महीने में मुंबई, सियोल (दक्षिण कोरिया), जापान के टोक्यो और ओसाका, संयुक्त अरब अमीरात के दुबई और अबू धाबी और कतर की राजधानी दोहा में इस तरह के इन्वेस्टर रोड शो आयोजित किए जा चुके हैं, जिससे निवेशकों को राजस्थान से जुड़ने, प्रदेश में निवेश हेतु आमंत्रित करने और उन्हें राज्य सरकार द्वारा बनायी गयी निवेशक-अनुकूल नीतियों और अवसरों से अवगत कराया जा सके। इससे पहले राज्य सरकार ने 30 अगस्त, 2024 को आयोजित मुंबई इन्वेस्टर रोड शो में 4.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर किए थे। 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का आयोजन इस साल 9, 10 और 11 दिसंबर को राजधानी जयपुर में होगा। इसका आयोजन राजस्थान सरकार के तत्वाधान में उद्योग और वाणिज्य विभाग, ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन और राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन (रीको) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसका नोडल विभाग बीआईपी है. इस त्रि-दिवसीय मेगा समिट का उद्देश्य देश-विदेश की बड़ी-छोटी कंपनियों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और निवेशकों को राज्य में आ कर काम करने के लिए आमंत्रित करना, प्रदेश में विभिन्न तरह के उद्योग-धंधे लगाने में मदद करना और अन्य सुविधाएँ मुहैय्या कराना है।

पीएम मोदी की कूटनीति अब होने लगी फलीभूत

# संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता को मिला बल, ब्रिटेन ने दिया समर्थन

द पुलिस पोस्ट

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी की बैलेंसेबल विदेश नीति और दुनिया के कई देशों के साथ मजबूत बनाए गए संबंधों का असर अब दिखने लगा है। भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट देने की वकालत दुनिया के कई देश कर रहे हैं। अब इस सूची में ब्रिटेन का भी नाम जुड़ गया है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने गुरुवार को भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट देने के लिए अपना समर्थन दिया। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र को संबोधित करते हुए ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव जरूरी है।







### सुरक्षा परिषद को राजनीति के चलते पंगु नहीं होना चाहिए

स्टार्मर ने कहा कि सुरक्षा परिषद में विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए और इसे काम करने वाला होना चाहिए न कि राजनीति की वजह से पंगु होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'हम चाहते हैं कि अफ्रीका को स्थायी प्रतिनिधित्व दिया जाए और साथ ही ब्राजील, भारत, जापान और जर्मनी को भी स्थायी सदस्य बनाया जाना चाहिए। निर्वाचित सदस्यों की सीटें भी बढ़ाई जानी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में ही एक कार्यक्रम के दौरान गुरुवार को भारतीय विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को अधिक पारदर्शी, कुशल, प्रभावी और लोकतांत्रिक बनाने के लिए तुरंत सुधार की जरूरत पर बल दिया था। तन्मय लाल ने कहा कि 'गंभीर सशस्त्र संघर्ष हमारी अर्थव्यवस्थाओं और समाजों को प्रभावित कर रहे हैं और मौजूदा सुरक्षा परिषद ऐसे संघर्षों को समाप्त करने या रोकने, आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराधों से निपटने और समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने में गंभीर रूप से विफल हो रही है। संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी भारत को सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट देने का समर्थन दिया था। अपने संबोधन में इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि 'फ्रांस, सुरक्षा परिषद के विस्तार के पक्ष में है और जर्मनी, जापान, भारत और ब्राजील को भी सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य होना चाहिए।

# बैंकों की जून-2024 तिमाही की समीक्षा बैठक जिला कलक्टर ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

## प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में ऋण वितरण में वृद्धि और शिक्षा ऋण के लिए बैंकों को कॉलेजों में जानकारी देने के निर्देश

द पुलिस पोस्ट








**भीलवाड़ा,** जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकिंग समन्वय एवं समीक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस दौरान, जिला कलक्टर ने राजीविका समूहों के बचत खाते खोलने और समूहों के क्रेडिट लिंकेज में सहयोग देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित सरकारी विभागों के साथ प्रतिमाह बैठक आयोजित की जाएगी ताकि योजनाओ से संबंधित बैंकों में लंबित आवेदनों का ससमय निस्तारण हो सके। इसके अलावा, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को अधिक से अधिक ऋण वितरित करने के निर्देश दिए गए। शिक्षा ऋण के संबंध में बैंकों को कॉलेजों में जाकर जानकारी का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) में बैंकों में पड़े लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने रुड सेट संस्थान सुवाणा की तिमाही कार्यनिष्पादन की प्रगति की समीक्षा की एवं संस्थान द्वारा चलाये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समय सारणी की सूची जिले के प्रमुख कार्यालयों में चस्पा करने हेतु निर्देशित किया जिससे अधिक से अधिक संख्या में लोगों को इसका लाभ मिल सके।

**भीलवाड़ा जिले में 5710.30 करोड़ रुपये के ऋण वितरण की उपलब्धि**

अग्रणी जिला प्रबंधक अशोक कुमार पांडे ने बताया कि जिले की वार्षिक साख योजना की समीक्षा में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में एक तिमाही (जून-2024) तक 5710.30 करोड़ रुपये के ऋण वितरण कर वार्षिक लक्ष्य 14554.90 करोड़ रुपये के 39.23% प्राप्ति की। अनीता शर्मा (सहायक महाप्रबंधक) भारतीय रिजर्व बैंक ने राजस्थान राज्य को शत-प्रतिशत डिजिटल राज्य घोषित होने पर सभी के सहयोग का धन्यवाद देते हुए खंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठकों में सरकारी विभाग के प्रतिनिधियों को आवश्यक रूप से प्रतिभाग करने हेतु अनुरोध किया। बैठक में बैंक ऑफ बड़ौदा के उपमहाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार झा, जिला उधोग केंद्र से डिंपल लस्कार, रुड सेट संस्थान से निदेशक रवि टेलर, राजीविका से राजेंद्र बाबर, और सभी बैंकों के जिला समन्वयक एवं अन्य विभागीय पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया।२२

# भ्रष्टाचार की खैरात में मर गई बेचारी सड़कें इसे पोपा बाई का राज कहते है की भष्ट्राचारीओ के विरुद्ध कारवाई नही होती





द पुलिस पोस्ट

**सिरोही,** शहर की अनूमन सड़क निर्माण में किस प्रकार भ्रष्टाचार की खैरात से तांडव मचा की बेचारी सड़कें मर गई पर घटिया सड़क निर्माण कार्य करवाने वाले एवं करने वालों के आंच नहीं आई कारण भ्रष्टाचार के खैरात की बंदरबांट भ्रष्टाचारीयों के बीच कमिशन बीस प्रतिशत की बंदरबांट होती है यहां पैंतीस पर्सेंट यह लेने वाले और देने वालों के बीच भ्रष्टाचार का बिना मानक का सोदा है हाल के कुछ महिनों पूर्व पेलेस रोड़ वाली बनीं नवनिर्मित डामर सड़क के घटिया निर्माण कार्य की सारी हदें पार कर दी और खुलम खुल्ला सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार का तांडव हुआ खास बात की कुछ महिनों पूर्व नवनिर्मित बनीं जवाब दे गई कंक्रीट में जानलेवा तब्दील हुई सड़क नगर परिषद सिरोही के उपसभापति के घर के ठीक पास में है और बिखरी सड़क के मुहाने ही उपसभापति के नाम लिखा बड़ा बोर्ड लगा हुआ है हाल ही घटिया क्वालिटी की नवनिर्मित डामर में सिर्फ कंक्रीट नजर आ रही है और बाइक्स चालकों का जरा सा ध्यान हटने पर बाइक सवार लोग गिरकर चौटिल हो रहें हैं लेकिन नजदिकी रहने वाले जनप्रतिनिधि के मुंह से आवाज तक नहीं निकल रही और स्वयं जनप्रतिनिधि भी इसी सड़क से आवागमन कर रहे हैं मानों किसी ने भ्रष्टाचार की खैरात का मुंह में दही में जमा होने से सड़क पर फिसलन की आह तक नहीं निकल रही है कौन इन घटिया सड़क निर्माण कार्य करने वालों एवं करवाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवायेंगे! इसकी कारवाई को लेकर मंत्रीजी से लेकर उपर तक स्थानीय पार्षद जगदीश सेन ने शिकायत की गई पर भष्ट्राचारी तो खुल्लम खुल्ला मजा कर रहे है कारवाई नही होने वाली सरकार को पोपा बाई का राज कहाँ जाता है

# नवरात्रि गरबा पंडाल मे गेर हिंदुओ का हो प्रवेश निषेध - बजरंग दल

द पुलिस पोस्ट

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल भीलवाड़ा महानगर की बैठक वि.हि.प कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बजरंग दल महानगर सयोजक अखिलेश व्यास ने बताया की भीलवाड़ा शहर में लव जिहाद की बढ़ती घटनाओं को देखते हुवे नवरात्रि मे आयोजित होने वाले सभी गरबा पंडाल मे गेर हिंदूओ का प्रवेश पूर्णतः निषेध होना चाहिए नवरात्रि मे शहर के सभी प्रमुख केंद्रों पर हिंदू समाज द्वारा माताजी की उपासना के निमित कई प्रकार के धार्मिक,सांस्कृतिक और गरबा का आयोजन करता है। इस निमित आयोजित होने वाले गरबा आयोजनों मे गेर हिंदू प्रवेश करते है और हिंदू बहन बेटियों के साथ छेड़खानी और उन्हे प्यार के नाम पर झूठा फंसा कर लव जिहाद को अंजाम देते है। नवरात्रि के पश्चात पूरे देश मे लव जिहाद की घटनाएं बढ़ जाती है और पूरे भारत देश मे लगभग 8 लाख हिंदू बहन बेटियां लव जिहाद का शिकार हो कर अपने मां पिता परिवार को छोड़ कर चली जाती है। जो आगे चलकर या बेच दी जाती हे या टुकड़े कर फेक दी जाती हैं बजरंग दल की केंद्रीय टोली ने तय किया की इस वर्ष पूरे भारत देश मे बजरंग दल के कार्यकताओं द्वारा सभी गरबा पंडालो की निगरानी रखी जायेगी और ये सुनिश्चित करेगा की कोई भी गेर हिंदू पंडाल मे प्रवेश नही करे अगर फिर भी कोई गेर हिंदू गरबा पंडाल मे प्रवेश करता है या पंडाल मे मौजूद रहता है तो उस पर सख्त कार्यवाही की जाएगी भीलवाड़ा मे होने वाले सभी नवरात्रि गरबा आयोजन समितियों से आग्रहकर्ता है की आप सभी भी गरबा पंडाल मे आधार कार्ड देख कर और तिलक लगा कर ही पुख्ता जानकारी लेकर ही आयोजन मे भाग लेने वाले को पंडाल मे प्रवेश देवे। साथ ही गरबा मे अश्लिल और फुहड़ गानो को नही चलाये। और बजरंग दल सभी माताओं और बहनों से भी आग्रहकर्ता है की ऐसे विधर्मियों से दूर रहे जो अपना नाम बदल कर आप को लव जिहाद का शिकार बनाने की कोशिश कर रहे है साथ ही आप सभी गरबा मे हिंदू संस्कृति के अनुरूप ही वेशभूषा मे ही जाए। बजरंग दल के महानगर सह सयोजक मुकेश मंडोवरा ने सभी गरबा समितियों से आह्वान किया हे की इसी विषय की अधिक जानकारी हेतु सभी समिति के प्रमुखों की बैठक रविवार को प्रातः 11 बजे हरी सेवा धाम में रहेगी जिसमे आप गरबा सीमित के प्रमुख अधिक से अधिक पधारे। साथ ही कही पर अप्रिय घटना होने पर बजरंग दल को तुरंत सूचना करे

## कश्मीर में जवान की मौत,बीकानेर में नेशनल हाईवे रोका:

# शहीद का दर्जा,अधिकारी पर कार्रवाई की मांग; 2 दिन बाद भी बॉडी लेने से इनकार

द पुलिस पोस्ट

**बीकानेर।** श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) के अनंतनाग में बीकानेर के जवान की मौत के मामले में जयपुर-बीकानेर नेशनल हाईवे 24 घंटे से जाम है। परिवार और समाज के प्रतिनिधि जवान को शहीद का दर्जा देने की मांग कर रहे है। बिना कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के जवान की मौत को सुसाइड बताने वाले सैनिक कल्याण अधिकारी भी कार्रवाई की मांग की जा रही है। दरअसल, बीकानेर के पांचू के रहने वाले जवान रामस्वरूप कस्वां (24) की 25 सितंबर को अनंतनाग में गोली लगने से मौत हुई थी। प्रारंभिक तौर पर सामने आया था कि ऑन ड्यूटी फायरिंग के दौरान जान गई, जिसे बाद में सुसाइड बताया गया। परिजनों का मानना है कि जवान की मौत ऑन ड्यूटी हुई है, ऐसे में उसे शहीद का दर्जा मिलना चाहिए। जवान की बॉडी लेने से भी परिवार ने इनकार कर दिया था।




### नेशनल हाईवे का रूट डायवर्ट किया

**नेशनल हाईवे-** 11 (बीकानेर-जयपुर) पर गुरुवार दोपहर 12.30 से परिवार व अन्य लोग बैठे हुए हैं। नेशनल हाइवे जाम होने से बीकानेर शहर के अन्य मार्ग प्रभावित हुए हैं। बस और ट्रक जयनारायण व्यास कॉलोनी और सार्दुल कॉलोनी से होकर निकल रहे हैं। उधर, छोटे वाहनों को पब्लिक पार्क के अंदर से निकाला जा रहा है। स्कूल बस और ऑटो को भी आज सुबह परेशानी का सामना करना पड़ा। धरने पर आज नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल और चूरू सांसद राहुल कस्वां के पहुंचने की संभावना है।

### पहले शहीद की तरह अंतिम संस्कार की तैयारी

पांचू के पूर्व प्रधान भंवरलाल ने कहा कि प्रशासन ने पहले जवान को शहीद बताया था। उसी तरह गुरुवार सुबह तक अंतिम संस्कार की तैयारी की गई थी। एसडीएम और तहसीलदार खुद मौके पर आए थे। अंतिम संस्कार के लिए जगह देख रहे थे। गांव में एक जगह फाइनल भी की गई थी। शाम को जब जिला सैनिक अधिकारी ने सुसाइड का पत्र जारी किया तो सारी पिक्चर ही उलट गई। इससे समाज की गरीमा को ठेस पहुंची है। ग्रामीण और परिजनों को सेना के अधिकारियों ने वार्ता के लिए बुलाया था लेकिन उनसे मिलने कोई नहीं गया। जिला प्रशासन ने भी दोनों पक्षों में वार्ता का प्रयास किया लेकिन सहमति नहीं हो सकी। इसके बाद गुरुवार देर शाम जिला कलेक्टर के साथ प्रतिनिधि मंडल की वार्ता हुई लेकिन इसमें सहमति नहीं बन पाई। अब शुक्रवार को फिर से सैन्य अधिकारियों के साथ बातचीत का प्रयास हो सकता है।

# कांग्रेस सरकार में जमकर होगा एनआईटी का विकास: नीरज

## एनआईटी से दूरी की जाएंगी पेयजल व सीवरेज समस्या

द पुलिस पोस्ट

**फरीदाबाद,** एनआईटी से कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा शुक्रवार को तूफानी दौरे के तहत नैन मार्केट, जीवन नगर, जवाहर कॉलोनी, नंगला रोड, गाजीपुर, सेक्टर 23, पर्वतीय कॉलोनी, संजय कॉलोनी सहित दर्जनभर से अधिक जनसम्पर्क कार्यक्रमों में पहुंचे। जहां पहुंचने पर लोगों ने फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। तथा लोगों ने कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा ने कहा कि जनता का उत्साह बता रहा है कि प्रदेश में बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार आ रही है। तथा जनता का उत्साह बता रहा है कि एनआईटी विधानसभा से उनका प्रत्याशी एक बार फिर जीत कर चंडीगढ़ पहुंचने वाला है। उन्होंने कहा कि एनआईटी में कांग्रेस की जीत निश्चित है। लोगों की उम्मीद सिर्फ कांग्रेस से है क्योंकि पहले भी एनआईटी क्षेत्र का विकास कांग्रेस सरकार में ही हुआ था। तथा अब भी कांग्रेस की सरकार बनते ही एनआईटी में तेज रफ्तार से विकास कार्य होंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएंगे। इसके साथ ही लोगों के घरों तक पेयजल पहुंचाने के साथ-साथ सीवरेज सिस्टम को दुरुस्त किया जाएगा। ताकि एनआईटी की जनता को सीवर जाम जैसी समस्या से छुटकारा मिल सके। श्री शर्मा ने कहा कि सरकार कांग्रेस की आ रही है। ऐसे में विकास के लिए एनआईटी को तरसना नहीं पड़ेगा। भाजपा ने विकास की फाइलें पास नहीं होने दीं। परन्तु कांग्रेस सरकार में फाइलें धड़ाधड़ पास होंगी। जिससे एनआईटी के विकास को काफी गति मिलेगी। कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा ने भाजपा द्वारा फैलाई बेरोजगारी का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा ने अपने दस साल के कार्यकाल में युवाओं को रोजगार देने के नाम पर सिर्फ कच्ची नौकरी दी है। परन्तु अब कांग्रेस सरकार आते ही हरियाणा के योग्य अभियार्थियों को 2 लाख पक्की सरकारी नौकरी दी जाएंगी। इस मौके पर प्रेम सिह नैन, भूरी सिंह नैन ,रामपाल नैन, गंगा लाल नैन , यादराम नैन, कैलाश पाल, धर्म सिंह नैन, निशांत नैन, मोक्ष नैन,नेम बठानिया,बाबूलाल नैन, अशोक अग्रवाल, नन्दराम पाहिल राजेश चौधरी,महेन्द्र नागर, बी के सिंह, राजू तेज बहादुर आदि उपस्थित रहे

# आज मेने 20 दिवसीय विभिन्न राज्य के बड़े शहर कि यात्रा पर रहा अखिल भारतीय धनगर मेवाड़ा गाडरी समाज उदयपुर

द पुलिस पोस्ट





आज मेने 20 दिवसीय विभिन्न राज्य के बड़े शहर कि यात्रा पर रहा अखिल भारतीय धनगर मेवाड़ा गाडरी समाज उदयपुर सभ्भाग के ज़िला राजसमन्द भीलवाड़ा चित्तौड़गढ़ शाहपुरा प्रतापगढ़ डुगरपुर बासवाडा उदयपुर के भाई लोग भारत के अनेक राज्य गुजरात के अहमदाबाद वापी सुरत वडोदरा महाराष्ट्र राज्य के नाशिक पुणें मुम्बई औरगाबाद मध्यप्रदेश राज्य के इंदौर कर्नाटक राज्य के बेंगलरू कोलापुर बेलगाँव सभी शहर में निवास व व्यवसाय कर रहे समाज बन्धु से मिला और सभी को शिक्षा मृत्युंभोज बाल विवाह के संबंध में चर्चा कि गाडरी समाज का सभांग स्तरीय छात्रावास उदयपुर में बनाने के लिये मेवाड़ के सभी गाडरी समाज के भाईयो से बात कि एक सभाग स्तरीय गाडरी समाज कि सन्त शिरोमणि श्री अमरा भगत के नाम कि कमेटी ट्रस्ट बना कर सभी समाज बन्धु से जो व्यवसाय कर रहे उनसे जन सहयोग लेके जमीन खरीदकर छात्रावास उदयपुर में बनाने कि चर्चा कि कमेटी के द्वारा कम से कम एक वर्ष में तीन कार्यक्रम सभाग लेवल पर रक्तदान शिविर खेलकूद प्रतियोगिता प्रतिभा सम्मान समारोह हो कि चर्चा की सभी जगह पर पहुँचने पर गाडरी समाज के भाईयो ने जो स्वागत सत्कार किया साफा व ईंकलाई माला से उसके लिये सभी का बहुत बहुत धन्यवाद मेरी और से सभी का दिल से धन्यवाद

# जिला कलक्टर नमित मेहता ने शहर के विकास कार्यों का निरीक्षण किया

## शहर के विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता पर दिया जोर

### शहरवासियों को मिले सबसे अच्छा साइकिल और वॉकिंग ट्रैक: जिला कलक्टर मेहता

द पुलिस पोस्ट








**भीलवाड़ा,** जिला कलक्टर नमित मेहता ने शुक्रवार को नगर विकास न्यास के अधिकारियों के साथ शहर के विकास कार्यों का अवलोकन करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान यूआईटी सचिव ललित गोयल के साथ तथा न्यास टीम की उपस्थिति में सर्वप्रथम पुलिस लाइन मैदान में प्रस्तावित स्टेज निर्माण, न्यास की सुखाड़िया नगर योजना अंतर्गत प्रस्तावित सड़क निर्माण तथा साइकिल ट्रैक निर्माण को लेकर किए जाने वाले कार्यों के संबंध में दिशा निर्देश दिए। पुलिस लाइन मैदान में विभिन्न राजकीय कार्यक्रमों के भव्य आयोजन के लिए यहां स्टेज बनाया जाना प्रस्तावित है। मंच के छोटा व पुराना होने के कारण वर्तमान स्टेज को डिस्मेंटल करके यह नया स्टेज बनाया जाना है। इसके प्लान को जिला कलक्टर ने देखा और इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने पुलिस लाइन मैदान में टॉयलेट्स निर्माण, शेड लगाएं जाने के संबंध में भी दिशा निर्देश दिए। एसपी विमल सिंह इस दौरान मौजूद रहे। इसके पश्चात न्यास की सुखाड़िया नगर योजना अंतर्गत प्रस्तावित सड़कों के निर्माण कार्य के प्रस्तावों का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने सड़क के मध्य में आ रहे नाले को ढकने के संबंध में निर्देशित किया ताकि दोनों और की सड़क को जोड़ा जा सके। सड़क की चौड़ाइकरण करने के निर्देश भी जिला कलक्टर ने दिए। सुखाड़िया नगर से आरजिया चौराहे तक लगभग 4 किमी लंबाई का साइकिल ट्रैक निर्माण किया जाएगा। जिला कलक्टर ने साइकिल ट्रैक एंड वॉकिंग के सम्पूर्ण रूट का जायजा लिया उन्होंने साइकिल ट्रैक का डामरीकरण, बैठने के लिए बेंच लगाने, आवश्यक संकेतक भी लगाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने न्यास के अधिकारियों को निर्देश दिए कि साइकिल ट्रैक निर्माण के दौरान बीच में आने वाले अनाधिकृत निर्माण, अतिक्रमण, रैंप इत्यादि को हटाया जाएं। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता का ध्यान रखें। उन्होंने आम जनता की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिए ताकि शहरवासियों को शहर का सबसे अच्छा साइकिल और वॉकिंग ट्रैक मिल सकें। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता यूआईटी योगेश माथुर, यूआईटी एक्सईएन जीतराम जाट, एईएन रामप्रसाद जाट, रवीन्द्र कुशवाहा, कनिष्ठ अभियंता रोहित कुमार चौबीसा आदि मौजूद रहे।

## मानव श्रृंखला बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश

द पुलिस पोस्ट

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत चल रहे स्वच्छता पखवाड़े में आम जन को जागरूक करने हेतु सेंट एन्सेल्म विद्यालय के विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया, आयुक्त श्री हेमाराम चौधरी ने बताया कि आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार दिनांक 17.9.2024 से 2.10.2024 तक चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज सेंट अंसलेम स्कूल में मानव श्रंखला बना कर स्वच्छता के प्रति जागृति लाई गई। एसबीएम प्रभारी श्री पुष्पेंद्र बैरागी ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मानसरोवर झील के किनारे गुब्बारे हवा में उड़कर शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया गया।

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर दिया ज्ञापन, किया प्रदर्शन

द पुलिस पोस्ट

पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के बैनर तले विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने पुरानी पेंशन योजनाको यथावत रखने एवं केंद्र में यूनिफाइड पेंशन स्कीम के स्थान पुरानी पेंशन योजना लागू करने हेतु आंदोलन के जिला संयोजक मनोज धाभाई के नेतृत्व में आक्रोश रैली एवं जिला कलक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मुकेश मीणा , राजस्थान अबेडकर शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राजेश एवं ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चंद जाटव, रैनी ब्लॉक अध्यक्ष बबलू मीणा ,कमलेश अवस्थी , राजेश यादव, उपेन्द्र चौधरी , एसएस डाटा प्रहलाद कोली ,हरिमोहन मीणा, रेस्टा सचिव सुरेश कोली, रेस्टा सदस्य राजेंद्र चौधरी ,अभयसिंह यादव आदि उपस्थित रहे। इस दौरान कर्मचारी महासंघ एकीकृत के संरक्षक खेमचंद सोमवंशी और श्रीराम मीणा भी उपस्थित रहे।

## नए अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्री ओम प्रकाश मेहरा ने संभाला कार्यभार

द पुलिस पोस्ट



**भीलवाड़ा,** राजस्थान सरकार के निदेर्शानुसार नए अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्री ओम प्रकाश मेहरा ने आज भीलवाड़ा जिले में अपना कार्यभार संभाल लिया है। इस अवसर पर उन्होंने जिला कलेक्ट्रेट में अधिकारियों और कर्मचारियों से मुलाकात की और जिले के विकास के लिए अपने विजन को साझा किया।

### श्री मेहरा का अनुभव

श्री ओम प्रकाश मेहरा राजस्थान सरकार में लगभग 14 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने विभिन्न जिलों में उपखंड अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अति. ज़िला कलक्टर सहित विभिन्न महत्त्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है, जिसमें उनकी प्रशासनिक क्षमता और नेतृत्व कौशल का प्रदर्शन हुआ है। उन्होंने अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया है और जिले के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### अतिरिक्त जिला कलक्टर का संदेश

मैं भीलवाड़ा जिले में अतिरिक्त जिला कलेक्टर के रूप में अपनी नई जिम्मेदारी संभालने के लिए उत्साहित हूं। मैं इस जिले के विकास में अपना योगदान और जन सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं जिले के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर काम करने की आशा करता हूं और जिले के विकास के लिए नए अवसरों की तलाश करूंगा।

## शुभम चितारा का राज्यस्तर पर चयन




द पुलिस पोस्ट

**शिवगंज** – शिक्षा विभाग राजस्थान द्वारा आयोजित 68वी जिला स्तरीय 17 वर्ष स्कूली क्रिकेट प्रतियोगिता में मयूर क्रिकेट अकैडमी का खिलाड़ी शुभम चितारा प्लेयर ऑफ दी टूनार्मेंट रहा।संत साईं स्कूल शिवगंज के खिलाडी शुभम ने 4 मैचों में 147 रन बनाए और 5 विकेट लेकर हरफनमौला प्रदर्शन किया जिसकी बदौलत उसे प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया । शुभम चित्तारा हनुमानगढ़ मे आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय प्रतियोगिता मे सिरोही जिले की टीम का प्रतिनिधित्व करेगा ' शुभम चितारा का राज्य स्तर पर चयन होने पर उनके पिता पूर्व पार्षद सोहन लाल चितारा, प्रदेश कांग्रेस सचिव हरीश परिहार, महेंद्र बिंदल, शारीरिक शिक्षक सुमेर सिंह नाडोल, संत साईं स्कूल संचालक राजेंद्र सिंह भाटी व शिक्षक राहुल सर , मयूर अकेडमी के कोच सुरेश माली, नरेंद्र परिहार,जिला सिरोही युवा कांग्रेस के पूर्व महासचिव जब्बर सिंह बेडा ने शुभकामनायें दी और खिलाडी के उज्जवल भविष्य की कामना की '

## महाराजा अग्रसेन जन्मोत्सव की पत्रिका का विमोचन,तैयारियां जोरों पर

### 29 सितम्बर से होगा पांच दिवसीय कार्यक्रमों का आगाज

द पुलिस पोस्ट



**शिवगंज।** अग्रवाल समाज छावणी द्वारा महाराजा अग्रसेन जन्मोत्सव एवं आगामी पांच दिवसीय कार्यक्रमों को लेकर जन्मोत्सव पत्रिका का विमोचन किया गया। संयोजक दीपक गोयल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन के 5149वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय कार्यक्रमों को लेकर अग्रवाल समाज छावणी अध्यक्ष दिनेश बिंदल, महासचिव अर्जुन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुभाषचन्द्र मित्तल, सह संयोजक महेन्द्र एसबी गोयल एवं घनश्याम एम. अग्रवाल की उपस्थिति में पत्रिका का विमोचन किया गया। विमोचन से पूर्व उपस्थित पदाधिकारियों एवं समाज बंधुओं का स्वागत किया गया। मीडिया प्रभारी मोहित अग्रवाल ने बताया कि पांच दिवसीय जन्मोत्सव कार्यक्रमों को लेकर तैयारियां जोरो पर है। कार्यक्रमों को लेकर कमेटियां गठित कर प्रभारी नियुक्त किये गये है। आगामी 29 सितम्बर रविवार को प्रातः 8 बजे महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रमों का शुभारंभ किया जाएगा। उक्त पांच दिवसीय कार्यक्रमों में वाहन रैली, तम्बोला, विभिन्न वर्गों हेतु विभिन्न प्रकार के खेलों, सांस्कृतिक संध्या, प्रभात रैली एवं भव्य शोभायात्रा सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पत्रिका विमोचन के अवसर पर पदाधिकारियों सहित बनवारीलाल सिंहल, कृपाशंकर सिंहल, मूरलीधर अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, फूलचंद गुप्ता, प्रकाशचंद्र सिंहल, विनोद मित्तल, विभोर अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, महिला पदाधिकारी निशा अग्रवाल, विजयलता अग्रवाल, शालू वी. गोयल, दीपिका अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, शुकन्तला गोयल उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर 100 वर्ष व अधिक आयु के मतदाताओं का किया जाएगा सम्मान

### उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सम्मान समारोह के आयोजन के संबंध में दिए निर्देश

द पुलिस पोस्ट

**भीलवाड़ा,** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार, 1 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर 100 वर्ष व अधिक आयु के मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोडल अधिकरी (स्वीप) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एस.डी.एम.) आसीन्द, माण्डल, गंगापुर, भीलवाड़ा, शाहपुरा जहाजपुर एवं माण्डलगढ़ को शतायु (100 वर्ष व अधिक आयु) मतदाताओं को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 01 अक्टूबर, 2024 पर सम्मानित करने के लिए निर्देश जारी किए है। उन्होंने बताया कि ऐसे शतायु मतदाता जो कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होने में असमर्थ है, का सम्मान समिति के सदस्यों द्वारा उनके घर जाकर सम्मान किया जाए। सम्मान समिति में बीएलओ, सुपरवाईजर, ग्राम पटवारी, स्थानीय शिक्षक, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता रहेंगे। सम्मान समारोह में भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा प्रदत्त प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह के दौरान स्वीप की गतिविधि आयोजन के संबंध में भी निर्देशित किया गया।

## हरियाणा विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए गृह रक्षा स्वयं सेवकों की कानून व्यवस्था के लिए लगाई चुनाव ड्यूटी

द पुलिस पोस्ट

**भीलवाड़ा,** समादेष्टा गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र ललित व्यास ने बताया कि समादेष्टा, गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, शहर भीलवाड़ा एवं उपकेन्द्र (शाहपुरा, जहाजपुर, गुलाबपुरा, गंगापुर) के समस्त स्वयंसेवक एवं सेविकाओं की हरियाणा विधानसभा आम चुनाव 2024 के दौरान कानून व्यवस्था ड्यूटी हेतु ड्यूटी लगाई जा चुकी है। उन्होंने स्वयं सेवकों को सूचना देते हुए बताया कि उन्हें 02 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक मय वर्दी, विभागीय पहचान पत्र, साजो सामान, पानी की बोतल, हल्का बेडिंग व एक समय का भोजन अपने साथ लेकर अपनी उपस्थिति देनी होगी। चुनाव ड्यूटी के लिए उपस्थित नहीं होने पर होमगार्ड एक्ट 1963 की धारा (2) के तहत डिस्चार्ज की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## राजसमंद में दो लड़कों की पिटाई के बाद तनाव:5 थानों की पुलिस पहुंची प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया

द पुलिस पोस्ट

**राजसमंद।** राजसमंद के राजनगर इलाके में गुरुवार रात 8.30 बजे एक मोहल्ले के 4 युवकों ने दो लड़कों की पिटाई कर दी। इसके बाद माहौल गरमा गया। दोनों लड़कों को हल्की चोटें आई थी। इस घटना से नाराज स्थानीय लोग रात में सड़कों पर उतर आए और वाहनों में तोड़-फोड़ कर दी। इसके बाद राजनगर थाना समेत 5 थानों की पुलिस ने माहौल शांत कराया। शुक्रवार सुबह भी कई संगठनों के लोग सड़क पर उतर आए और सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। राजसमंद एसपी मनीष त्रिपाठी ने बताया- कल रात 8.15 बजे राजनगर के यादव मोहल्ला निवासी राहुल पुत्र नंद किशोर और कृष्णा पुत्र विक्रम घर से कुछ दूर मामू भाणेज रोड पर चबूतरे पर बैठे थे। वे इंस्टाग्राम पर भजन सुन रहे थे। इस दौरान 8.30 बजे नजदीकी मोहल्ले से 4 लड़के लाठी-डंडे लेकर आए और दोनों से मारपीट की। दरअसल, कुछ दिन पहले एक आयोजन के दौरान आरोपी युवकों में से एक ने राहुल पर थूक दिया था। इसके बाद हंगामा हो गया था। राहुल की ओर से थाने में शिकायत की गई। पुलिस ने शांतिभंग में कुछ आरोपियों को पकड़कर छोड़ दिया था। इसके बाद से आरोपी पक्ष ने रंजिश पाल ली थी। उस घटना को लेकर पीड़ित पक्ष के लोग भी आक्रोशित थे। गुरुवार रात राहुल समेत दो लड़कों की पिटाई से मामला बढ़ गया। रात 9.30 बजे दोनों लड़कों को आरके हॉस्पिटल ले जाया गया। उन्हें हल्की चोट थी। रात 10 बजे लोग सड़कों पर उतर आए और ठोकार इलाके में कुछ वाहनों के शीशे फोड़ दिए। लोग नारेबाजी करने लगे। राजनगर थाना घटनास्थल से 400 मीटर की दूरी पर था। ऐसे में पुलिस पहुंची और भीड़ को तितर-बितर कर दिया। रात 11 बजे माहौल अशांत होने के कारण 5 थानों (राजनगर, कांकरोली, केलवा, नाथद्वारा, कुंवारिया) की पुलिस भी आ गई और राजनगर में लोगों को भीड़ जुटाने से रोका। रात भर पुलिस ने राजनगर के बाजारों में गश्त की। देर रात डीएसपी विवेक सिंह ने विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को आश्वासन दिया कि आरोपी चारों लड़कों को पकड़ लिया जाएगा। घटनाक्रम रात 12 बजे तक चला।

**आज थाना घेरकर किया हनुमान चालीसा का पाठ**

इस घटना के बाद शुक्रवार सुबह 7 बजे से ही कुछ संगठनों से जुड़े लोग राजनगर थाने के बाहर जुट गए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए नारेबाजी की। सुबह 9 बजे से लोगों ने थाने के बाहर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करना शुरू कर दिया। एसपी मनीष त्रिपाठी ने कहा कि पुलिस को 3 दिन का समय दीजिए। सभी चारों आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार करेगी। मेरी अपील है कि सोशल मीडिया से अफवाह न फैलाएं। जो ऐसा करेगा उसके खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। कुछ लोग जान बूझकर अफवाह फैलाते हैं। लोग शांति बनाए रखें। हम कानून व्यवस्था कायम करने के लिए समझौता नहीं करेंगे। लोगों ने हमें कई तरह की शिकायतें की हैं। ये कई विभागों से जुड़ी हैं। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। हमने टीमें बनाई हैं। इलाके में गश्त भी बढ़ाएंगे। लोग शांति और सौहार्द्र बनाए रखें। अभी 4 आरोपी नामजद हैं। इनकी संख्या बढ़ भी सकती है। आज पीड़ितों का मेडिकल कराकर अन्य धाराएं भी जोड़ेंगे। पीड़ित युवक राहुल मूर्ति बनाने का काम करता है। इसके अलावा वह मैकेनिक का काम भी करता है। राहुल के माता पिता नहीं हैं। वह अपनी ताई के साथ रहता है। ताऊ का भी निधन हो चुका है। जबकि कृष्णा अपने पिता के साथ मजदूरी पर जाता है।


### नगर पालिका आयुक्त ने जारी किया मकान गिराने का नोटिस

घटना के बाद शुक्रवार को नगर पालिका आयुक्त बृजेश राय की ओर से आरोपी दो सगे भाइयों के मकान पर नोटिस चिपकाया गया है। इसमें लिखा है- आपके जर्जर मकान को हटाने के संबंध में नोटिस जारी किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार सिलावट वाड़ी के मेन रोड पर स्थित आपका यह मकान जर्जर है। यह कभी भी गिर सकता है। इससे जनहानि की आशंका है। इसलिए नोटिस मिलने के बाद 3 दिन में मकान ध्वस्त कर पालना रिपोर्ट पेश करें। ऐसा नहीं किया गया तो नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 243 (1,2,3) के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### सुबह बंद रहीं दुकानें, अब खुलने लगा बाजार

घटना के विरोध में शुक्रवार को सुबह 11 बजे तक लोगों ने आंशिक रूप से दुकानें बंद रखीं। दोपहर 12 बजे तक दुकानें खुलने लगी थीं।

# राहुल गाँधी की नागरिकता पर संदेह



राकेश अचल

**अब जनता को तय करना है कि राहुल गाँधी से आतंकित भाजपा नेता माननीय अदालतों का वक्त खराब कर रहे हैं या नही। भाजपा को भी ये स्पष्ट करना होगा कि वो स्वामी और दूसरे भाजपाइयों कि याचिकाओं के साथ है या नहीं? वैसे जिस ढंग से सर्कार ने राहुल गांधी को लोकसभा के रक्षा मामलों कि स्थाई समिति का सदस्य बनाया है उसे देखकर नहीं लगता कि सर्कार राहुल को भारतीय नागरिक नहीं मानती।**

भारत अजूबा देश है। यहां जो होता है किसी अजूबे से कम नहीं है । अघोषित अधिनायकवाद के बावजूद यहाँ हर तरह की आजादी है । आप किसी को भी गाली दे सकते हैं । किसी को भी देश का आतंकी नंबर वन कह सकते हैं। और किसी को भी पाकिस्तान जाने की सलाह दे सकते हैं,और तो और आप माननीय अदालतों का भी वक्त जाया करने के लिए बे-सर-पैर की याचिकाएं लगा सकते हैं।



आज मुझे जब दूसरे किसी विषय पर लिखना था,मै भारत के इस अजूबे स्वभाव के बारे में लिख रहा हूँ । आज मेरे सामने भी वे राहुल गाँधी हैं जिनका भूत पूरी भाजपा और माननीय नेताओं के सर पर चढ़कर दिन-रात बोलता है । क्या आपको अजूबा नहीं लगता कि जिस देश में सरकार के मंत्री राहुल गांधी को देश का आतंकी नंबर वन कहते हैं उसी देश में सरकार राहुल गांधीको संसद की रक्षा मामलों की स्थाई समिति का सदस्य भी बना देती है। दरअसल सरकार और भाजपा ही तय नहीं कर पा रही है की राहुल गांधी हैं क्या ? अब राहुल गाँधी से परेशान ,हलकान लोग उनकी नागरिकता पर सवाल उठा रहे है। सरकारी पार्टी कि ही एक नेता ने राहुल गांधी का पासपोर्ट जब्त करने की मांग अपनी ही सरकार से की है।

राहुल गाँधी की नागरिकता को चुनौती देने वाले सुब्रमण्यम स्वामी जी है। दिल्ली हाईकोर्ट ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता रद्द करने की मांग पर गृह मंत्रालय को फैसला करने का आदेश देने की मांग करने वाली भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर सुनवाई टाल दी है. कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इस मामले पर अगर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है तब हम सुनवाई नहीं कर सकते. हाईकोर्ट ने एएसजी चेतन शर्मा को निर्देश दिया कि वो इलाहाबाद हाईकोर्ट में इस मामले पर चल रही सुनवाई का स्टेटस रिपोर्ट कोर्ट को बताएं. मामले की अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को होगी।

चूंकि स्वामी जी भाजपा के नेता हैं इसलिए आप ये मान सकते हैं कि उनकी याचिका के पीछे भाजपा भी है। स्वामी जी बच्चे नहीं हैं,वे रवीनद्र बि ू की तरह पुराने कांग्रेसी भी नहीं है। स्वामी जी 84 साल के अनुभवी और विद्वान नेता हैं। हिन्दू राष्ट्रवादी नेता एवं सनातन धर्म के प्रचारक हैं। वे जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। वे सांसद के अतिरिक्त 1990-91 में वाणिज्य, कानून एवं न्याय मंत्री और बाद में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार आयोग के अध्यक्ष भी रहे। 1994-96 के दौरान विश्व व्यापार संगठन के श्रमिक मानकों के निर्धारण में उन्होंने प्रभावी भूमिका निभायी। लेकिन वे भी राहुल गाँधी के पीछे हाथ धोकर पड़े हुए हैं। राहुल भारत के नागरिक हैं या नहीं ,ये सवाल करने का स्वामी जी को पूरा हक है। उनके पास इसके पक्ष में दलीलें भी है। बेहतर होता कि वे जिस पार्टी के नेता हैं उस पार्टी की सरकार के सामने पहले ये मामला उठाते और जब सरकार नहीं सुनती तब अदालत का दरवाजा खटखटाते। स्वामी जी अपनी फजीहत खुद करा रहे है। जाहिर है कि उन्होंने पार्टी फोरम पर राहुल गाँधी का ये मुद्दा जरूर उठाया होगा और पार्टी है कमान से ही हरी झंडी मिलने के बाद वे अदालत गए होंगे । ये भी मुमकिन है कि सरकार और भाजपा ने स्वामी जी को ध्यान से सुना ही न हो इसलिए स्वामी जी सीधी लड़ाई लड़ना पड़ रही है है।

राहुल गांधी की नागरीकता को चुनौती देने वाले डॉ स्वामी अकेले नहीं हैं। कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर भी इस मुद्दे को लेकर इलाहबाद हाईकोर्ट की शरण में हैं और मजे की बात ये है कि सब कुछ जानते हुए भी इलाहाबाद हाईकोर्टकोर्ट ने गृह मंत्रालय से स्पष्टीकरण मांगा है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने बुधवार को केंद्र से पूछा कि क्या उसने नागरिकता अधिनियम 1955 के तहत दायर उस अभ्यावेदन पर कोई निर्णय लिया है जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पास ब्रिटिश नागरिकता होने के आरोपों की जांच कराने का अनुरोध किया गया है। जनहित याचिका में याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि उसने गांधी के ब्रिटिश नागरिक होने के मुद्दे पर विस्तृत जांच की है और उसे कई नई जानकारियां मिली हैं। याचिकाकर्ता ने गांधी की ब्रिटिश नागरिकता के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग की है। मामले की अगली सुनवाई 30 सितंबर को होगी।

आपको बता दूँ कि राहुल गांधी की नागरिकता पर सवाल खड़े करते हुए अदालत में याचिका दायर की गई थी। इसी साल जुलाई में याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने इसे खारिज कर दियाथा। अदालत ने कहा था कि याचिकाकर्ता को पहले सक्षम प्राधिकारी के पास शिकायत करनी चाहिए।यह मामला लोकसभा स्पीकर ओम बिडला तक भी पहुंचा है। अदालत में दाखिल याचिका का हवाला देते हुए ओम बिडला से मांग की गई है कि राहुल गांधी को तबतक संसद सदस्य के रूप में कार्य करने की अनुमति न दी जाए, जब तक गृह मंत्रालय की तरफ से इस मामले का निपटारा न कर दिया जाए। याचिका में यह भी सवाल किया गया है कि राहुल गांधी किस अधिकार के तहत लोकसभी सदस्य के रूप में काम कर रहे हैं।लेकिन दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बने ओम बिड़ला भी इस मामले पर फैसला नहीं ले पाए।

दिल्ली है कोर्ट ने सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के लिए 09 अक्टूबर की तारीख तय की।चीफ जस्टिस मनोनीत मनमोहन और जस्टिस तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने केंद्र सरकार के वकील से इलाहाबाद हाईकोर्ट के समक्ष इस मुद्दे पर लंबित याचिका की प्रति प्राप्त करने को कहा।अदालत ने मौखिक रूप से टिप्पणी की कि मामले में आगे बढ़ने से पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित याचिका के बारे में स्थिति जानना न्याय के हित में होगा।

आपको याद होगा कि पहले भाजपा सरकार राहुल गाँधी कि लोकसभा कि सदस्यता भी बहाने से छीन चुकी है ,लेकिन बीच में सर्वोच्च न्यायालय के आने से पिछली सर्कार को मुंह कि खाना पड़ी थी । भाजपा इससे पहले राहुल की जाती पर भी सवाल खड़े कर चुकी है लेकिन राहुल द्वारा खड़े किये जाने वाले किसी भी सवाल का जबाब देने से भाजपा और उसके नेता हमेशा कतराते रहते हैं। राहुल कि जाति पूछने वाले भी भाजपा के ही एक पूर्व मंत्री और वर्तमान संसद अनुराग ठाकुर थे।

दुनिया जानती है कि राहुल गाँधी कि गर्भनाल दिल्ली में ही है ,अर्थात वे जन्म से ही भारतीय नागरिक हैं। अब कोई माने या न माने ये अलग बात है। राहुल कि नागरिकता को चुनौती देने वाले तमाम भाजपाइयों को पता है कि नई दिल्ली में जन्मे गांधी ने अपना बचपन नई दिल्ली और देहरादून के बीच बिताया उन्होंने नई दिल्ली में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की और फिर दून स्कूल देहरादून में जाकर विशेष सभी लड़कों के बोर्डिंग सेंट स्टीफेन्स कॉलेज में अध्ययन किया। सुरक्षा समस्याओं के कारण, बाद में उन्हें घर पर रहकर ही पढ़ना पड़ा । गांधी ने सेंट स्टीफेन्स कॉलेज में अपनी स्नातक की डिग्री प्रारंभ की और फिर हार्वर्ड विश्वविद्यालय गए। अपने पिता पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी हत्या के बाद सुरक्षा खतरों के कारण, उन्होंने रोलिंस कॉलेज में फ्लोरिडा में अपनी डिग्री पूरी की। उन्होंने एम.फिल. कैम्ब्रिज से प्राप्त की। उनकी किसी डिग्री को उस तरह से चुनौती नहीं दी गयी जिस तरह कि मौजूदा प्रधानमंत्री कि डिग्रियों को दी जा सकती है।

अब जनता को तय करना है कि राहुल गाँधी से आतंकित भाजपा नेता माननीय अदालतों का वक्त खराब कर रहे हैं या नही। भाजपा को भी ये स्पष्ट करना होगा कि वो स्वामी और दूसरे भाजपाइयों कि याचिकाओं के साथ है या नहीं ? वैसे जिस ढंग से सर्कार ने राहुल गांधी को लोकसभा के रक्षा मामलों कि स्थाई समिति का सदस्य बनाया है उसे देखकर नहीं लगता कि सर्कार राहुल को भारतीय नागरिक नहीं मानती। जहाँ तक मुझे याद आता है कि भाजपा में शामिल हो चुके पूर्व मुख्य न्यायसदिश रजब गोगोई के जमाने में भी सुप्रीम कोर्ट इस मामले को खारिज कर चुकी है।अब देखना है कि तीसरी बार सत्ता में आयी भाजपा राहुल को देश से बाहर निकल पाती है या नहीं।

## संपादकीय

### टिप्पणी पर सख्ती

सुप्रीम कोर्ट ने अदालतों को ऐसी टिप्पणियां करने से सतर्क रहने को कहा है, जो स्त्रियों के प्रति द्वेषपूर्ण मानी जाएं या किसी खास लैंगिक या समुदाय के खिलाफ हों। अदालत ने कर्नाटक हाई कोर्ट के न्यायाधीश की आपत्तिजनक टिप्पणियों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए बेशक, उनको माफ कर दिया लेकिन उसकी तल्खी स्पष्ट दिखी। शीर्ष अदालत ने कहा कि देश के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कहा जा कहा जा सकता क्योंकि वह मूलभूत देश की क्षेत्रीय अखंड़ता के विपरीत है। पीठ ने कहा कि अदालतों को सतर्क रहना चाहिए, न्यायिक प्रक्रिया के दौरान ऐसी टिप्पणियां न की जाएं। देश के ज्यादातर उच्च न्यायालयों द्वारा लाइव स्ट्रीमिंग या वीड़ियो कॉन्फ्रेंस शुरू की जा चुकी हैं। सोशल मीड़िया पर नियंत्रण न होने और गोपनीयता के लिए खतरनाक होने के सवाल पर पीठ ने कहा कि किसी गलत बात पर पर्दा ड़ालना कोई समाधान नहीं है, बल्कि उसका सामना किया जाना चाहिए। कर्नाटक हाई कोर्ट की टिप्पणी सोशल मीड़िया पर वायरल हो गई थी जिस पर नेटीजनों ने तरह-तरह के कमेंट किए थे। कर्नाटक हाई कोर्ट ने महिला वकील के खिलाफ भी आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया था। पितृसत्तात्मक समाज में स्त्रियों के प्रति इस तरह की पूर्वाग्रहीत बातें आम होने के बावजूद न्याय की कुर्सी पर विराजित सम्मानित अधिकारी से ऐसी उम्मीद नहीं की सकती। सर्व धर्म समभाव और धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र होने की संवैधानिक व्यवस्था को किसी भी रूप में नकारा जाना उचित नहीं है। जजों के साथ ही वकीलों और वादियों को इस दौर में खासी सतर्कता बरतनी चाहिए क्योंकि अब अदालत में मौजूद लोग ही न्यायिक प्रक्रिया नहीं देखते बल्कि चर्चित फैसलों पर आम लोगों की भी कड़ी नजर होती है। देश की आधी से ज्यादा आबादी अब इंटरनेट का इस्तेमाल करना सीख चुकी है। जब इस तरह की कोई भी टिप्पणी वायरल होती है तो उस पर किए जाने वाले कमेंट्स पर सख्ती नहीं की जा सकती। वर्तमान मुख्य न्यायाधीश विभिन्न मौकों पर मार्गदर्शन द्वारा न्याय प्रणाली की गरिमा को बढ़ाने का महत्त्वपूर्ण कार्य करते रहे हैं। यही कारण है कि देश की न्याय प्रक्रिया के प्रति देशवासियों में जबरदस्त विश्वास बना हुआ है। उसे कायम रखने के लिए जिम्मेदार पदाधिकारियों को इस आदेश का गंभीरतापूर्वक अनुपालन करना चाहिए।

## चिंतन-मनन

### गुरु की स्वीकार्यता

हर वक्त संसार को गुरु की दृष्टि से देखो। तब यह संसार मलिन नहीं बल्कि प्रेम, आनन्द, सहयोगिता, दया आदि गुणों से परिपूर्ण, अधिक उत्सवपूर्ण लगेगा। तुम्हें किसी के साथ संबंध बनाने में भय नहीं होगा क्योंकि तुम्हारे पास आश्रय है। घर के अन्दर से तुम बाहर के वज्रपात, आंधी, वर्षा व कड़ी धूप देखोगे। भीतर वातानुकूलित व्यवस्था है- शीतल और शान्त। बाहर गर्मी और अशांति है पर तुम परेशान नहीं होते, क्योंकि कुछ भी तुम्हें बेचैन और विचलित नहीं कर सकता। कोई तुम्हारी पूर्णता नहीं छीन सकता। यही है गुरु का उद्देश्य। संसार के सभी संबंध उलट-पुलट हो जाते हैं। संबंध बनते हैं और टूटते हैं। यहां राग भी है, द्वेष भी। यही संसार है। पर गुरु कोई संबंध नहीं, गुरु की मौजूदगी होती है। गुरु का सान्निध्य अनुभव करो। गुरु को अपने संसार का अंश मत बनाओ। संसार का हिस्सा बनाते ही, वही अप्रिय भावनाएं उठती हैं- उन्होंने ऐसा कहा, उन्होंने ऐसा नहीं कहा, वह उनका अधिक प्रिय है, मैं नहीं हूं। जीवन में गुरु का सान्निध्य सभी संबंधों में पूर्णता लाता है। यदि गुरु के निकट अनुभव नहीं कर रहे, तो यह तुम्हारे मन, धारणा, अहंकार के कारण है।

जो कुछ भी महत्वपूर्ण है, अंतरंग है, उसे गुरु के साथ बांटो। जो तुम्हारे लिए महत्वपूर्ण है, आंतरिक है, जब तक तुम उसे गुरु को नहीं व्यक्त करते, तब तक निकटता का अनुभव नहीं कर सकते। आप कैसे हैं? गुरु से हृदय खोलकर मन की गहराइयों में समाई अपने जीवन की आंतरिक व महत्वपूर्ण बातें करो। महत्वहीन या सांसारिक बातें न करो। यदि तुम गुरु के साथ निकटता अनुभव नहीं कर रहे, तो गुरु की आवश्यकता ही क्या है? वह तुम्हारे लिए केवल एक और बोझ है। बस, उसे अलविदा कह दो। तुम गुरु के साथ हो ताकि तुम गुरु के आनन्द में सहभागी हो, उनकी चेतना के सहभागी। इसके लिए पहले तुम्हें अपने आप को खाली करना है, जो पहले से है, उसे गुरु को दे देना है। मन में जितना भी कूड़ा हो, किसी भी प्रकार का, गुरु लेने के लिए तैयार हैं।

# बदलती लाइफ स्टाइल से नींद की कमी एक बड़ी चुनौती




दिलीप कुमार पाठक

स्वस्थ शरीर के लिए विशेषज्ञ स्लीप साइकल को ठीक रखने पर विशेष जोर देते हैं, इसमें सोने-जागने के निर्धारित समय और नींद की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी जाती है नींद की गुणवत्ता का संपूर्ण स्वास्थ्य पर असर देखा जा सकता है। तमाम अध्ययनों में पाया गया है कि जिन लोगों की नींद पूरी नहीं होती है, उनमें कई प्रकार की गंभीर बीमारियों के विकसित होने का जोखिम अधिक होता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं नींद की गुणवत्ता के साथ इसकी अवधि का ख्याल रखना भी बहुत आवश्यक है, अक्सर लोगों की स्लीप साइकल में एक बड़ी समस्या देखी गई है, कई लोगों को रात में देर तक जगने की आदत होती है। यह आदत भले ही सामान्य लगती हो, पर सेहत पर इसके कई प्रकार से नकारात्मक असर हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को रात में 6-8 घंटे की नींद लेने की सलाह दी जाती है। इसके लिए रात में 10 से सुबह 6 बजे तक सोने के समय को सबसे गुणवत्तापूर्ण नींद वाला माना जाता है, हालांकि अक्सर देखने को मिलता है कि अधिकतर लोग रात में 12-1 बजे सोते हैं। यह आदत आपकी स्लीप साइकल को बिगाड़ देती है, जिससे नींद पूरी न होने के कारण कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं के विकसित होने का खतरा हो सकता है। देर से सोने वाले लोगों में स्वाभाविक रूप से सुबह देर से उठने की भी आदत होती है, इस कारण से अक्सर ऐसे लोगों के लिए सुबह के समय व्यायाम कर पाना कठिन हो जाता है। हेल्थ प्रमोशन एंड क्रॉनिक डिजीज प्रिवेंशन जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में शोधकताओं ने पाया कि देर से सोने वाले लोगों में अन्य लोगों की तुलना में गतिहीन जीवनशैली की समस्याएं भी अधिक देखने को मिलती हैं, जिसका संपूर्ण सेहत पर बहुत नकारात्मक असर हो सकता है। आजकल नींद की कमी से परेशानियां बहुत आम हो गई हैं। खासकर युवाओं में डिप्रेशन अवसाद की बीमारियां डेरा जमा चुकी हैं। देश में युवाओं का एक बड़ा वर्ग अवसाद से ज्यादा परेशान है। जिन्हें इसकी समस्या होती है, ऐसे लोग अपनी तरह की दुनिया बना लेते हैं..। हमारे आसपास के लोग समझ नहीं पाते..। मेरा मानना है पहले आप अपनी जरूरतें पूरी करिए फि र आप जमाने के लिए सोचिए जब आपके अंदर ही एक कोलाहल है तो आप दुनिया के लिए क्या ही लड़ पाएंगे! मुझे सम्बन्धित व्यक्ति के बारे में ज़्यादा पता नहीं है लेकिन इस उम्र में डिप्रेशन का कारण ज्यादातर भविष्य की चिंता ही होती है। सबसे पहले आप खुद को स्थायित्व दीजिए बाद में जमाने के लिए सोचिए। अभी कुछ दिनों पहले पढ़ा इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ग्राहम थोर्प ने डिप्रेशन की वजह से आत्महत्या कर ली। भला इंग्लैंड के इतने बड़े क्रिकेटर को ऐसी क्या समस्या थी कि उन्होंने खुद को ऐसे खत्म कर दिया?? जाहिर है अंदर एक कोलाहल रहा होगा जो उन्हें अपने साथ ले गया..। वैसे भी पैसे जरूरतों से ज़्यादा मानसिक सुकून बहुत आवश्यक है।


मैंने बहुत सालों से अनुभव किया है, हमारे समाज में या दुनिया में जिस तरह की लाइफस्टाइल को लेकर आकर्षण है, मुझे लगता है कुछ सालों बाद आधी दुनिया अवसाद में होगी। आज हर तीसरा आदमी अपनी टेंशन में डूबा हुआ है। एक-दूसरे से आगे निकलने की जद्दोजहद, असीमित सामाजिक दबाव...अवसाद के कई कारण होते हैं, लेकिन नींद की कमी भी एक महत्वपूर्ण कारण है। अब आधी दुनिया रात में सोती नहीं है, जबकि बहुत आवश्यक हो तो हो देर रात जागना चाहिए। वैसे भी नींद का जीवन में अपना एक महत्त्व होता है, इसके दुष्प्रभाव जल्दी पहिचान में नहीं आते, बल्कि धीरे-धीरे नींद की कमी गम्भीर समस्या बन जाती है ; और आज आधी से ज्यादा युवाओं की आबादी इसकी गिरफ़्त में है। अब तो देर रात तक जगने का फैशन बन चुका है। रात में जागने के बाद जिम जाकर शरीर फुलाने से क्या हासिल होता है?? योग व्यायाम की जगह जिम करने की अंधी दौड़ भी युवाओ को परेशानी में डाल रही है। सेहत को लेकर ऐसी लापरवाही कई बीमारियों को जन्म देती हैं स्वस्थ रहने के लिए कम से कम 7-8 घंटे की नींद सोना चाहिए। इससे कम सोने वाले लोगों को मोटापा, चिड़चिड़ापन, सिरदर्द आदि की समस्याओं से जूझना पड़ता है अगर आप भी ये गलती करते हैं, तो आपको बता दें कि आप अपनी सेहत के साथ कितना बड़ा खिलवाड़ कर रहे हैं। पर्याप्त नींद नहीं लेने से आयु कम होती है। दक्षिण कोरिया में 16 सालों तक किए गए एक शोध के अनुसार जो लोग रात में ज्यादा देर जागना पसंद करते थे, उन्हें कम उम्र में ही अपनी जान से हाथ गंवाना पड़ा। जो लोग रात में ज्यादा देर तक जागते हैं, उन्हें मेमोरी लॉस, डिसीजन मेकिंग आदि में समस्या का सामना करना पड़ता है। देर से सोने वाले लोगों में मूड स्विंग भी देखे जा सकते हैं।

मैंने अब तक बहुत से चिकित्सकों से परामर्श लिया है, उन्होंने जिम जाने की बजाय योग, व्यायाम को सही बताया है। जबकि जिम जाने के अनेकों साइड इफेक्ट हैं। अतः सबसे पहले अपनी दिनचर्या में परिवर्तन करते हुए रात में जल्दी सो जाएं रात सोने के लिए ही बनाई गई है, सुबह सूरज उगने से पहले उठ जाएं, सुबह योग, व्यायाम करने के बाद जल्दी नहाकर फ्रेश हो जाएं..उगते हुए सूरज को देखिए, सुबह चिड़ियों को देखिए, डिप्रेशन से आप पूर्णतः विजयी तो नहीं होंगे फि र भी आप आगे के लिए खुद को बेहतर कर पाएंगे। जब आपका मूड फ्रेश होगा तो आप कुछ भी हासिल कर सकते हैं। जो अच्छा लगे वो कीजिए। समाने वाला जो करता है वही मुझे करना है इस धारणा से खुद को बचाकर रखिए..। अगर ये रात में अनावश्यक जागने का फैशन ट्रेंड में रहा तो देखिएगा दुनिया की आधी आबादी स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानियों से घिरी होगी। और यह समस्या बड़ी विकराल होगी...नींद की कमी से भी अवसाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। अपने घर परिवार आसपास लोगों को बताइए नींद का महत्त्व समझाएं, मैं ऐसे कितने लोगों को जानता हूँ जो रात में अनावश्यक जगते रहते थे, मेरे समझाने के बाद जल्दी सोने लगे हैं, योग, व्यायाम को तरजीह देने लगे हैं.। हालांकि कईयों के अवसाद का कारण आंतरिक समस्याएं भी हो सकती हैं, अतः आप चिकित्सकों का मार्गदर्शन लें, क्योंकि अवसाद को पूरी तरह से ठीक करने के लिए डॉक्टर की आवश्यकता होती है.

# वर्कलोड़ : टेशन तो बिल्कुल नहीं लेने का



रजनीश कपूर



संजय दत्त की बहुचर्चित फिल्म 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' का एक डायलॉग काफी हिट हुआ था जिसमें वो हर किसी को न घबराने की सलाह देते हुए कहते थे 'टेंशन लेने का नहीं-देने का'। परंतु शायद उस फिल्म में दिए गए संदेश को कुछ लोग गंभीरता से नहीं ले सके। इसीलिए वे मामूली से तनाव को इतना बढ़ा लेते हैं जो कभी-कभी जानलेवा भी साबित हो जाता है। इस फिल्म ने कठिन परिस्थितियों को गंभीरता से न लेने की सलाह दी परंतु आजकल के 'वर्क प्रेशर' और प्रतिस्पर्धा के चलते हर दूसरा व्यक्ति तनाव में दिखाई देता है।

पिछले दिनों सोशल मीडिया पर पुणे की एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम करने वाली 26 वर्षीय चार्टर्ड अकाउंटेंट ऐना सेबेस्टियन की मां की चि ी काफी चर्चा में रही। भारत में इस कंपनी के अध्यक्ष को लिखे अपने पत्र में ऐना की मां ने उल्लेख किया कि किस तरह उनकी पुत्री पर कंपनी ने काम का दबाव बनाया हुआ था। मात्र चार महीने की नौकरी में दबाव इतना बढ़ गया कि इसने ऐना की जान ले ली। इस दबाव का स्पष्ट उदाहरण तब भी दिखा जब ऐना के अंतिम संस्कार में कंपनी में काम करने वाले सहकर्मी भी नहीं पहुंचे। जैसे ही ऐना की मां का पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, वैसे ही इस कंपनी में काम कर चुके पूर्व कर्मचारियों ने अपने भयानक अनुभव भी साझा किए। जैसे ही मामले ने तूल पकड़ा वैसे ही कंपनी की ओर से 'वर्क प्रेशर' का खंडन किया गया। वैसे सरकार ने मामले में जांच बैठा दी है। ऐना की मृत्यु ने कॉरपोरेट जगत में कई सवाल खड़े कर दिए हैं। दरअसल, 'वर्क प्रेशर' के बढ़ते हुए तनाव के कारण दुनिया भर से ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं, जहां प्रतिस्पर्धा की दौड़ में आगे रहने के चलते कई लोगों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा है। चीन में एक व्यक्ति ने लगातार 104 दिनों तक बिना किसी छु ी के काम किया और अंततः शरीर के कई अंगों की विफलता के कारण उसकी मौत हुई। वहां की अदालत ने उस व्यक्ति की कंपनी को उसकी मौत का 20 प्रतिशत तक जिम्मेदार ठहराया। वहीं अमेरिका के एक बैंक कर्मचारी की मृत्यु का कारण भी उसके काम का दबाव ही बना। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जहां कर्मचारियों से अधिक काम करवाने के चलते ऐसे हादसे हो रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार दुनिया भर में काम के दबाव- तनाव के चलते प्रति वर्ष करीब 7.50 लाख लोगों की मृत्यु होती है। ऐसा इसलिए होता है कि अधिक काम करने का सीधा प्रभाव आपकी सेहत पर पड़ता है। काम का तनाव लेने से मनुष्य में हृदय रोग, डायबिटीज और स्ट्रोक जैसी घातक बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। इतना ही नहीं आज के सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में जब हम घंटों कंप्यूटर के सामने बैठ कर काम करते हैं, तो हमारे जोड़ों में जकड़न, कमर में दर्द, सरदर्द, आंखों में थकान, जैसे प्रारंभिक लक्षण भी दिखाई देते हैं। तनाव के चलते हमारे शरीर में ऐसे रसायन पैदा हो जाते हैं, जो रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल को भी बढ़ा देते हैं। इसलिए हम चिड़चिड़े भी हो जाते हैं। तनाव के चलते जब गाड़ी चलाकर हम अपने दफ्तर से घर या घर से दफ्तर जा रहे होते हैं, तो ऐसे में दुर्घटना होने की आशंका भी बढ़ जाती है। मोबाइल फोन और ईमेल के चलते हम हर समय अपने काम से जुड़े रहते हैं। इसलिए हमें काम से आराम नहीं मिल पाता। ऐसे तनाव का सीधा अनुभव आपको उस समय होता होगा जब आपके मोबाइल पर आपके बॉस का फोन बजता होगा। आप यदि अपने घर पर हों और परिवार के साथ समय बिता रहे हों, तभी आपके बॉस का फोन बजे तो आपके चेहरे पर अजीब से तनाव की झलक मिल जाती है। ऐसे में पारिवारिक सुख को भी झटका लगता है।

जानकारों के अनुसार, सप्ताह में 55 घंटे या उससे अधिक काम करने वालों में तनाव बढ़ने की संभावना अधिक होती है। तनाव अन्य बीमारियों को बढ़ावा देता है परंतु इसका मतलब यह नहीं है कि आपको सफल होने के लिए कम मेहनत करनी चाहिए। बिना मेहनत किसी को कामयाबी नहीं मिलती। इसलिए हमें परिश्रम और अतिश्रम के बीच एक को चुनना चाहिए। परिश्रम किया जाए तो एक सीमा तक ही किया जाए। आपको अपने शरीर की क्षमतानुसार ही काम करना चाहिए। समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच करवाते रहना चाहिए। नियमित रूप से तनाव-मुक्ति के कई साधन जैसे योग, ध्यान, भजन, मनोरंजन आदि का सहारा लेना चाहिए। अगर इम्प्लॉयर की बात करें तो उन्हें भी अपने लक्ष्य की पूर्ति के चलते कर्मचारियों पर दबाव बनाना पड़ता है परंतु यह दबाव भी एक सीमा तक ही दिया जाए। हमारे समाज को काम और आराम के बीच एक संतुलन बनाने की जरूरत है वरना ऐना सेबेस्टियन जैसे कई और होनहार कर्मचारियों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ेगा। आजकल के युवा भी जल्द कामयाबी पाने के चक्कर में काम और आराम में संतुलन नहीं बना रहे हैं। इसका सीधा असर उनके स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। इसलिए हर युवा और वरिष्ठ कर्मचारी को 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' फिल्म से सीख लेते हुए 'टेंशन न लेने' की आदत डाल लेनी चाहिए।

# लाखों रुपए खर्च के बाद भी बच्चे नहीं उठा पा रहे लुफ्त, पीने के पानी तक कि नहीं उचित व्यवस्था

**नेहरु पार्क की स्थिति दयनीय आ रही नजर, जहां एक और कचरे का ढेर तो दूसरी और बंद पड़ी टॉय ट्रेन एवं बोटिंग पुल**


## करोडों रुपए खर्च करने के बाद व बडे फिल्मी हीरो को बुलाकर उद्घाटन करवाया नेताओं व पुत्र ने मजा लिया पालिका धन को लुटने का

## कांग्रेस बोर्ड के पार्षद बने है ठेकेदार फिर पालिका प्रशासन व अध्यक्ष की भागीदारी मे लाखों रुपए खर्च किया था भष्ट्राचार की जाँच की माँग

**द पुलिस पोस्ट**

शिवगंज - शहर के नेहरू नगर में पालिका प्रशासन द्वारा तकरीबन करोड़ो रुपए खर्च कर लगभग दो वर्ष पहले तैयार करवाए गए नेहरू बाल उद्यान की हालत बेहद खराब है देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की स्मृति में बना बाल उद्यान देखरेख एवं लापरवाही के चलते बदहाल हो चुका है । बाल उद्यान के पुनरूद्धार में लगभग 2 से 3 वर्ष पहले करोडों रुपए निर्माण व साज सज्जा पर खर्च हुए थे । संभवत उस समय माना जाता था कि जोधपुर संभाग का यह एक पहला ऐसा नेहरू बाल उद्यान होगा जहां बच्चों के लिए पेंडल बोटिंग, टॉय ट्रेन अलग-अलग तरह के झूले लगाए गए थे । लेकिन बुधवार की सुबह जब मीडिया कर्मियों के द्वारा नेहरू बाल उद्यान का निरीक्षण किया गया तो वहां पर बिखरीं अव्यवस्थाओं का आलम नजर आया । वहां उपस्थित बच्चों एवं आमजन से वातार्लाप पर पता चला कि बीते लगभग एक साल से भी अधिक समय बीत चुका है जहां वोटिंग के लिए बनाया गया पुल जो सूखा पड़ा है तों वहीं टॉय ट्रेन जिसकी हालत खस्ता हो चुकी है मैन कांच को तोड़ दिया गया, पकड़ने की जालीया जों देख-रेख के अभाव में टूट चुकी है। तो वहीं गार्डन के अंदर प्रवेश द्वार के लेफ्ट साइड में सूखे पत्ते कचरो का ढेर देखकर लगता है कि कई महीनो का कचरा एकत्रित कर पार्क के अंदर ही सजा कर रखा गया है । बात अगर स्वच्छता की करें पार्क के अंदर तो जीरो परसेंट नजर आ रही है। पार्क के पुनरूद्धार समारोह में तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम एवं अंतरराष्ट्रीय कवि शैलेश लोढ़ा ने शिरकत की थी।

शहरवासियों के लिए नगर पालिका ने पार्कों के नाम पर लाखों रुपये खर्च किये। हर बार सौंदर्यकरण कराया जाता है, लेकिन आज भी शहर के तमाम पार्कों में जाने वाले लोग सुविधाओं को तरस रहे हैं। कई पार्कों में न तो पीने के पानी की व्यवस्था है और न ही बैठने के पर्याप्त साधन। पार्कों में बेहतर साफ सफाई न होने की वजह से कूड़ा फैला हुआ दिखाई देता है। पार्कों में बच्चों के खेलने के लिए लगाये झूले टूट गए हैं।














## विकास कार्य पर खर्च हुए थे लगभग एक करोड़ रुपए

नगर पालिका प्रशासन की ओर से नेहरू पार्क को विकसित करने के लिए करीब करोडों रुपए खर्च किए गए थे । जिसमें इलेक्ट्रिक टॉय ट्रेन स्विमिंग पूल बोटिंग के लिए 30.21 लाख एवं बिजली पोल, गार्डन लाइट लगवाने के लिए 10.39 लाख रुपए व्यय हुए थे। लेकिन धरातल पर अगर आज की स्थिति देखी जाए तो लाखों रुपए पानी में व्यर्थ होते नजर आ रहे हैं ।




### रोशनी से जगमगाने के लिए लगाए थे 25 विद्युत पोल

नेहरू पार्क को और आकर्षित करने के लिए रात्रि के सुंदर नजारे के लिए विभिन्न जगहों पर 25 बिजली के पोल लगवाकर एलईडी लाइट लगवाई गई थी । जिनमें से कई विद्युत पोलों पर लाइटें बंद नजर आ रही है । तों साथ ही पार्क की सुंदरता के लिए चाचा नेहरू की प्रतिमा विभिन्न किस्म के रंग बिरंगे फूलों व फलों के पौधे ध्रुव घास मल्टीपरपज टास्क झूले बेंच भी लगवाई गई थी । लेकिन आज ना तो कोई फूल नजर आ रहे ना कोई फल नजर आ रहे । कहीं ना कहीं जिम्मेदारों की अनदेखी का खामियाजा भुगत रहा है नेहरू पार्क ।

### सूखे पड़े पुल में कचरा और पतझड़ के पत्ते इकट्ठे होते आ रहे नजर

नेहरू पार्क में बोट चलाने के लिए पुल का निर्माण किया गया था जिसकी लंबाई लगभग 95 फुट व चौड़ाई साढ़े सोलह फीट और गहराई 4 फीट है । आज की स्थिति में देखा जाए तो पुल में ना तो पानी नजर आ रहा हो ना ही बोट नजर आ रही । निर्माण के समय चार बोट लाई गई थी जो पेंडल से चलने वाली थी जिसका नन्हे मुन्ने बच्चे लुफ्त उठाते थे । लेकिन आज लाखों खर्च के बाद भी समर वेकेशन के मौके पर दुर्दशा का शिकार हो रहा नेहरू पार्क । पानी की जगह गंदे पानी से भरा नजर आ रहा स्विमिंग पूल ईसमे घुमना आते बच्चे जिससे बिमारी का डर बना रहता है कभी बडी जनहानी होगी

## पार्क में लगी टॉय ट्रेन महज नजर आ रही शो पीस

पार्क में इलेक्ट्रिक टॉय ट्रेन के लिए 600 फीट लंबी ट्रैक बनाई गई थी । जिसमें चार बोगियों वाली टॉय ट्रेन कुछ महीनों पहले दौड़ती नजर आ रही थी । प्रत्येक बोगी में बैठने के लिए चार सीटें होती थी इलेक्ट्रिक ट्रेन में चालक सहित कुल 16 बच्चे बैठकर गार्डन का आनंद लेते थे । लेकिन अब बच्चों को सिर्फ शो पीस के रूप में खड़ी दुर्दशा की शिकार हुई टॉय ट्रेन नजर आ रही है वहीं बात अगर 600 फीट लंबे ट्रैक की करें तो वहां पर कचरा और पत्ते बिखरे नजर आएंगे । गार्डन व्यवस्थापक ने बताया कि ट्रेन के बेरिंग एवं टायर जाम होने के हिसाब से ट्रेन कुछ मीटर की दूरी पर ही हाफ जाती है जिसे चलाना पॉसिबल ही नहीं है ।

### पार्क में बच्चों सहित घूमने आने वाले लोगों को पानी तक नहीं होता है नसीब

नेहरू गार्डन में सुबह से लेकर शाम तक सैकड़ो बच्चे और आसपास के वृद्ध जन सहित लोग घूमने के लिए आते हैं लेकिन ऐसी भीषण गर्मी में भी पालिका प्रशासन द्वारा पानी के लिए मात्र दो केन रखवाए जाते हैं । जिसमें से एक किंतु ऑफिस में रखा नजर आता है तो वही दूसरा कान भर रखा नजर आता है जो कुछ ही घंटे में पूरा हो जाता है लोगों को प्यास और पानी की तडप के चलते कुछ सही क्षण में फिर घर की ओर लौटना पड़ता है ।

### गार्डन को ही बना दिया कचरा पात्र

गार्डन के अंदर प्रवेश करने के दौरान लेफ्ट साइड की तरफ कोने में गार्डन से निकलने वाले कचरे को एकत्रित कर शोपीस के रूप में सजा कर रखा गया है। अब यह समझ नहीं आ रहा कचरा सजना वहां के जिम्मेदारों की क्या रही वजह जो कहीं ना कहीं गार्डन के सुंदरता पर भी दाग लगा रहा है ।

### कहीं झूले टूटे तो कहीं झूले हुए गायब

नेहरू गार्डन में लगे बच्चों के खेलने के लिए झूले जो अब नजर तक नहीं आ रहे हैं तो कुछ जो नजर आ रहे हैं कहीं बैठने की सीट नहीं तो कहीं टूटने के कगार पर अटके नजर आ रहे हैं।

### गार्डन के कोने पर बना अवाड़ा मे गंदा पानी व कचरा तक सुखा

नेहरू नगर में नेहरू नगर गली नंबर 1और 2 के बीच में बने नेहरू गार्डन के बाहर बना घुमंतू पशुओं के लिए पानी पीने का अवाडा जों बीते कई दिनों से सुखा पड़ा है। कहर बरपाती इस भीषण गर्मी में पानी के अभाव में पशुओं को गलियों में मारा मारा घूमना पड़ रहा है लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी आज रह हालात खराब है उद्घाटन मे लाखों रुपए खर्च किया था नेहरू नगर पालिका ने पार्षदो की ठेकेदारी मे तैयार किया नेहरू पार्क खराब होना ही था क्या अब भाजपा की ईमानदार सरकार ईनके मुँह से वापस पैसा वसूल करेगी या भष्ट्राचार का साथ देंगे राजस्थान सरकार के राज्य मंत्री ओटाराम देवासी को पता होने पर लाखों का भष्ट्राचार ईस नेहरू पार्क मे हुआ है और शिवगंज नगर पालिका मे करोडों का भष्ट्राचार पार्षदगणो ने किया है ईन सभी की जाँच होनी चाहिए उच्च स्तरीय अधिकारीयों से करवाकर दोषी अधिकारीयों व नेताओं के विरुद्ध कार्यवाही होगी तब जाकर पता चलेगा की ईमानदार भंजनलाल शर्मा सरकार है नही तो गहलोत सरकार ही नजर आएंगी देखते है क्या होगा स्थानिय विधायक व राजस्थान सरकार के राज्य मंत्रीजी को फोन लगाकर समपर्क किया कहाँ की नगर पालिका शिवगंज मे पाँच साल मे कांग्रेश का बोर्ड है और उसमें हुआ करोडों के भष्ट्राचार मे क्या अब कारवाई होगी की नही सरकार बनी करीब छह महीने होने आए हैं उम्मीद लगती है की कार्यवाही होगी यह बात है कांग्रेश के बोर्ड मे किया भष्ट्राचार हम उजागर करके दोशीओ के विरुद्ध कार्यवाही होगी भष्ट्राचारीओ को माफ नही करेगे जीरो टेनेसी कै तहत भष्ट्राचारीओ को जेल भेजेगे अब हरियाणा चुनाव के बाद जाँच करवाई जाएँगी ।

### ओटाराम देवासी राज्य मंत्री राजस्थान सरकार

**स्थानीय पार्षद क्या कहती है**

नेहरू नगर नेहरू बाल उद्यान के नवीनीकरण को लेकर कांग्रेस बोर्ड वह कांग्रेसी भाजपा के पार्षदो उन्होंने ठेकेदारी चालू करके सरकारी धन का दुरुपयोग किया इस बगीचे में जो निर्माण हुआ वह जो सरकारी धन का दुरूपयोग हुआ उसकी उच्च स्तरीय जांच करवा कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करवाई जाए तब जाकर शिवगंज की जनता को न्याय मिलेगा कि उनकी मेहनत का पैसा सही जगह पर लग रहे है नहीं तो सरकार की जीरो टैलेंसी की निति के तहत होने वाली कार्यवाही पर विश्वास उठ जाएगा

**सीमा देवी माली पार्षद नगर पालिका शिवगंज**

### मारपीट और एक लाख वसूलने का आरोपी गिरफ्तार

# थाने से कोर्ट तक करवाई पैदल परेड, एक लाख और वारदात के काम में ली गई स्कॉर्पियो बरामद

**भीलवाड़ा।** एक युवक को शराब पार्टी के बहाने गाड़ी में ले जाकर डंडों से मारपीट और एक लाख वसूलने के आरोप में पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया। इसे थाने से कोर्ट तक पैदल परेड निकाल कर ले गए ।पुलिस ने आरोपित के पास से एक लाख रुपये भी बरामद किए हैं। वारदात के काम में ली स्कॉर्पियो भी जब्त की है। पुलिस अब इसके अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

सुभाष नगर थाना प्रभारी शिवराज ने बताया कि वीर सावरकर चौक में रहने वाले इंद्र कुमार सकरानी ने रिपोर्ट दी थी। जिसमें उसने बताया कि 18 सितंबर को दोपहर में अजमेर तिराहे के पास एक पेट्रोल पंप के निकट उसे उसके पुराने परिचित मुरली और उसके दो साथी मिले। इन्होंने उसे गाड़ी में बैठाया और जबरन शराब पिलाई और उसे इधर-उधर घूमाते रहे और डंडों से उसके साथ मारपीट की। उसे जान से मारने की धमकी देकर उससे एक लाख की डिमांड की गई। पीड़ित ने उनकी मारपीट और धमकी से डर कर अपनी पत्नी को फोन कर एक लाख इकट्ठा करने और आरोपी



को रुपए देने की बात की। इनका एक साथी इंद्र कुमार की घर जा के रुपए लेकर आया। तीनों देर शाम तक उसे घूमते रहे और उसके साथ मारपीट करते रहे। बाद में और उससे रुपए लेकर उसे मंगल पांडे सर्किल के पास पटक गए और उसका मोबाइल भी अपने साथ ले गए। इस रिपोर्ट पर पुलिस ने एक टीम का गठन किया और सीसीटीवी फुटेज में अन्य टेक्निकल डाटा के आधार पर शाम की सब्जी मंडी सेशन कोर्ट के पास रहने वाले मुरली पिता शंकर लाल गुर्जर ( 42) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित युवक के पास से वारदात के काम में ली स्कॉर्पियो और एक लाख रुपए बरामद कर लिए । पुलिस में आरोपी युवक की थाने से कोर्ट तक पैदल परेड भी करवाई।

## लेपर्ड ने गायों के बछड़े का किया शिकार

### *वन विभाग ने लगाए दो पिंजरे, ग्रामीणों ने लेपर्ड को पकड़कर जंगल में छोड़ने की मांग*

**बिजौलिया।** बिजौलिया के जंगलों में इन दिनों लेपर्ड का आतंक बढ़ता जा रहा है। जंगल से शिकार की तलाश में भटकते हुए लेपर्ड अब आबादी क्षेत्र में आकर गायों के बछड़े का शिकार करने लगे हैं। आबादी क्षेत्र में आए दिन शिकार की घटनाओं से लोगों में दहशत फैली हुई है। शिकार की बढ़ रही घटनाओं के कारण अब वन विभाग ने लेपर्ड को पकड़ने के लिए वन्य क्षेत्र में मंगलवार शाम को दो पिंजरे लगाए हैं।

जानकारी अनुसार बिजौलिया के बंजारों की जलेरी में लेपर्ड ने बीती रात रोडू लाल बंजारा के बाड़े में बंधे गाय बछड़े का शिकार कर लिया। ग्रामीण तारा प्रकाश बंजारा ने बताया कि गांव में पिछले एक सप्ताह से लेपर्ड का लगातार मूवमेंट देखा जा रहा है। लेपर्ड ने अब तक गांव के आसू बंजारा,महेंद्र




बंजारा सहित अन्य किसानों के बाड़े से रात के समय घुसकर आधा दर्जन से अधिक गोवंशों का शिकार किया है। रोज़ाना लेपर्ड का मूवमेंट होने से ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों ने वन विभाग से लेपर्ड को पकड़कर सुरक्षित अन्य जगह जंगल में छोड़ने की मांग की है। फोरेस्टर लोकेंद्र सिंह का कहना है कि बीते एक सप्ताह से लेपर्ड के मूवमेंट की सूचना मिल रही हैद्य कुछ जगह लेपर्ड द्वारा गौवंश का शिकार किया गया है।

## नाकाबंदी तोड़कर भागे तस्कर की कार नाले में अटकी

### *पीछा कर पुलिस ने पकड़ा, 77 किलो डोडा चूरा और कार जप्त जब्त*




**भीलवाड़ा।** पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला एक तस्कर थाना सर्किल की पुलिस को चकमा देकर भगा गया। जिससे दूसरे थाना क्षेत्र में एक नाले में उसकी कार अटक गई और डैमेज हो गई। पुलिस ने से पीछा कर इस तस्कर को पकड़ लिया। इसके पास से अवैध डोडा चूरा बरामद किया है।

मामला सदर थाना क्षेत्र का है। सदर थाना पुलिस ने एक नाले में फंसी एक डैमेज कार से 76 किलो 940 ग्राम डोडा चूरा बरामद किया है। साथ ही एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। सदर थाना प्रभारी उगमा राम ने बताया कि बीती देर रात मंगरोप थाना पुलिस ने एक कार को नाकाबंदी के दौरान रुकवाने की कोशिश की तो ड्राइवर पुलिस को चकमा देकर कार भगा ले गया। पुलिस ने पीछा करते हुये सदर थाना पुलिस को सूचना दी। इस पर सदर पुलिस ने भी मंगरोप से आने वाले रुट पर नाकाबंदी कराई।

इस दौरान ये कार सदर थाना क्षेत्र के दांथल में रूपाहेली रोड पर नाले में फंसकर डैमेज हो गई। सदर थाना पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें चार कट्टों में 76 किलो 490 ग्राम डोडा-चूरा मिला।

पुलिस ने डोडा चूरा और कार को जब्त कर चित्तौडगढ़ जिले के पारसोली थाना इलाके के गांव चावंडिया निवासी कैलाश जाट को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच हमीरगढ़ थाना प्रभारी दिलीप सिंह के जिम्मे की गई है।

### 150 बीघा जमीन से कब्जा हटाया

## हो रखे थे कच्चे और पक्के निर्माण, अतिक्रमियों पर किया पाबंद



**बिजौलिया।** बिजौलिया ब्लॉक के छोटा थडोदा गांव में आज राजस्व विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीन पर किए अतिक्रमण को हटाया। साथ ही कब्जा धारियों को पाबंद किया गया। कच्चे मकान बनाकर रह रहे कुछ लोगों को तीन दिन का नोटिस देकर जगह खाली करने के निर्देश दिए गए हैं।

विभाग ने थडोदा गांव में महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल के पास बिलानाम भूमि पर पिछले कई महीनों से लोगों ने पत्थर की चारदीवारी बनाकर कब्जे कर रखे थे। यह जमीन बेहद बेशकीमती है। कुछ लोग यहां खेती भी करने लग गए।

प्रशासन को लगातार मिल रही शिकायतों के बाद आज दोपहर अभियान चलाकर जेसीबी मशीन की सहायता से यहां की करीब 150 बीघा बिलानाम भूमि को कब्जा मुक्त किया गया। कब्जा हटाने के बाद बचे हुए पत्थरों को ग्राम पंचायत थडोदा को सुपुर्द किए गए हैं। इस दौरान नायब तहसीलदार रेखराज स्वामी, भू. अ. निरीक्षक मदनलाल धाकड़ ,चैन सिंह, पटवारी करूणा सिद्ध, महेश चौधरी मौजूद रहे।

## केसीसी के क्वार्टरों की टंकियों में मिले डेंगू के लार्वा

**खेतड़ी नगर।** मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर चिकित्सा विभाग की टीम ने केसीसी टाउनशिप के आवासीय क्वार्टरों का निरीक्षण किया। कई क्वार्टरों में बोतलें में लगाए गए पौधों में लार्वा युक्त पानी पाया गया। चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने केसीसी प्रशासन से आवासीय क्वार्टरों में रहने वाले लोगों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

बीसीएमओ डॉ. हरीश यादव ने बताया कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर चिकित्सा विभाग की ओर से 14 टीमें लगाकर घरों में एकत्रित रखने वाले पानी को लेकर सर्वे करवाया जा रहा है। टीम ने उनकी जांच की तो सामने आया कि बोतलों में रखे पानी में डेंगू का लार्वा पाए गए। पानी की टंकियों व कूलरों की जांच करने पर खुली पड़ी टंकियों में मच्छर पनपते पाए गए।

डॉ. यादव ने बताया कि इसके अलावा सार्वजनिक स्थान पर जानवरों के पानी पीने वालों में भी पाया लार्वा पाया गया। बीसीएमओ डॉ. यादव ने बताया



कि आमजन के जागृत नहीं होने के कारण उनकी लापरवाही के चलते बरसात के मौसम के साथ मौसमी बीमारियां पैर पसारने लगी हैं। उन्होंने बताया कि खेतड़ी उप जिला अस्पताल की पहले चार सौ की ओपीडी होती थी, आज आठ सौ के करीब पहुंच चुकी है। यदि आमजन ने अपने आसपास सफाई व्यवस्था का ध्यान नहीं दिया तो हालात खराब हो सकते है।

केसीसी प्रबंधन को अवगत करवाया तथा आवासीय क्वार्टरों में पानी एकत्रित कर लापरवाही बरतने वाले लोगों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए है। केसीसी के शंकर दत्त तिवाड़ी ने कहा की मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्च अधिकारियों को अवगत करवा कर जल्द ही नोटिस जारी किया जाएगा। इस मौके डॉ. महेंद्र सैनी, डॉ. रूपेश कुमार, अनिल कुमावत, एएनएम पूनम भास्कर, संगीता कल्याण, कमल मेहरा, सतीश, सुरेंद्र, अनिल मीणा, राजबाला, रेखा, सुनीता सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### *मारपीट करने वालों पर कार्रवाई की मांग*

## श्री देव सेना ने आईजी को ज्ञापन दिया, झूठे मुकदमे वापस लेने की मांग



**कोटा।** बारां जिले के सीसवाली थाना क्षेत्र के गणेशपुरा गांव में मारपीट के दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर देव सेना ने आईजी ऑफिस में ज्ञापन दिया। देव सेना संभागीय अध्यक्ष महेश गुर्जर की अगुवाई में ग्रामीणों ने समाज को सुरक्षा देने और समाज के लोगों पर लगाए गए झूठे मुकदमे वापस लेने की मांग की। महेश गुर्जर ने बताया- 17 सितंबर अंनत चतुर्दर्शी के दिन मामूली कहासूनी पर बड़गांव सरपंच ने अपने साथियों के साथ गणेशपुरा गांव में हमला किया था। हमले में गुर्जर समाज की महिलाएं, बच्चे और पुरुषों के चोट आई ।गाड़ियों में अगजनक की। 18 सितंबर को सीसवाली थाने में शिकायत दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया लेकिन अभी तक आरोपी खुले में घुम रहे है।

समाज के लोगों को धमकियां दे रहे है साथ ही सत्ता का दुरुपयोग करके समाज के युवकों के खिलाफ छेड़खानी के मुकदमे दर्ज करवा रहे है। इस संबंध में 20 सितंबर को बारां एसपी व 24 सितंबर को अंता एसडीएम को ज्ञापन दिया था। अभी तक प्रशासन ने समाज के लोगों को सुरक्षा उपलब्ध नहीं करवाई। समाज के लोगों में भय व्याप्त है। हमारी मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो, झूठे मुकदमें वापस लिए जाए। मांगे नहीं मानने पर गुर्जर समाज आंदोलन करेगा।

## कामां में एक दिवसीय पोषण मेले का आयोजन कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई

**कामां।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्टीय पोषण माह के अंतर्गत एक दिवसीय पोषण मेले का आयोजन पंचायत समिति स्थित महिला बाल विकास कार्यालय पर किया गया। इस मौके पर महिला बाल विकास की पर्यवेक्षक गरिमा भारद्वाज ने महिलाओं में एनीमिया बच्चों में कुपोषण आदि के बारे में फील्ड में जागरूकता फैलाने की बात कही। साथ ही सीडीपीओ आशा गुर्जर ने सामुदायिक जागरूकता के प्रति बढ़ावा देने के लिए कहा। इसके बाद सीडीपीओ आशा गुर्जर के द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार किया गया।



कार्यकर्ताओं ने विभिन्न प्रकार की रेसिपी बनाकर के स्टॉल सजाए। कार्यक्रम मे शशि खंडेलवाल, कमलेश शर्मा, कुसुम लता, ओमप्रकाश, दामोदर शर्मा, राम गुर्जर सहित अन्य महिला बाल विकास की कार्यकर्ता सहयोनी मौजूद थी।

### प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के शिविर का आयोजन

## आवेदन प्रक्रिया और सब्सिडी के बारे में किसानों को दी जानकारी

**बिजौलिया।** बिजौलिया में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में सोलर कनेक्शन आवेदन और ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन हुआ। एईएन अर्जुन सिंह ने बताया कि शक्करगढ़ चौराहे पर स्थित 33/11 द्म1 जीएसएस पर शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में उपभोक्ताओं को स्वयं के घरों पर सोलर पैनल लगाने के लिए आवेदन प्रक्रिया, सोलर पैनल के लाभ, सोलर पैनल से बिजली बिल में बचत सहित केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी के बारे में जानकारी दी गई। जेईएन हेमेंद्र नावर



के अनुसार योजना के तहत छत पर सोलर पैनल लगाया जाएगा। इसके खर्च में सरकार की ओर से सब्सिडी दी जाएगी। इससे बिजली बिल लोड काफी कम हो जाएगा। आज सुबह से लगे शिविर में दोपहर तक एक दर्जन किसानों ने योजना के बारे में आवश्यक जानकारी जुटाई। पूर्व में भी इस तरह का शिविर लगाकर किसानों को योजना का लाभ दिया गया था। कल गुरुवार को 33/11 k1 जीएसएस कांस्या पर भी शिविर आयोजित किया गया।

## इकलेरा में पुरानी रंजिश के चलते हुई फायरिंग में एक गंभीर घायल, रेफर



**डीग।** गांव इकलेरा में पूर्व में ब्रह्म भोज के दौरान हुए झगड़े की पुरानी रंजिश के चलते शाम एक पक्ष द्वारा की गई फायरिंग में 43 वर्षीय उदयचंद उर्फ चिल्ली के पैर में छर्रा लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे रेफरल चिकित्सालय से प्राथमिक उपचार के बाद आरबीएम हॉस्पिटल रेफर कर दिया।

चिकित्सालय में भर्ती उदयचंद उर्फ चिल्ली पुत्र शिवलाल शर्मा निवासी इकलेरा ने बताया कि शाम करीब 6 बजे वह खेत से बाजरा काटकर घर आया था। जैसे ही घर के दरवाजे पर पहुंचा दूसरे पक्ष के हररो, गुड्डा, मनीष वगैरा ने अवैध हथियारों से फायरिंग कर उसे गोली मार दी, जो उसके सीधे पैर के घुटने में लगी है। घायल उदय चंद को उपचार के लिए परिजनों ने डीग रेफरल चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे आरबीएम हॉस्पिटल भरतपुर रेफर कर दिया। जहां घायल उदयचंद उर्फ चिल्ली का उपचार जारी है। फायरिंग की सूचना मिलते ही कोतवाली के कार्यवाहक प्रभारी एसआई फत्ते लाल इकलेरा पहुंचे और ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली।

*गांव इकलेरा में पूर्व में ब्रह्म भोज के दौरान एक लड़की को छेड़ने को लेकर गांव के दो पक्षों में झगड़ा हुआ था। जिसको लेकर शाम एक पक्ष के गुड्डा पुत्र गोपाल शर्मा आदि ने अवैध हथियार से फायरिंग कर दी। छर्रा लगने से उदय चंद पुत्र शिवलाल घायल हुआ है, फिलहाल गांव में शांति है।*

*-**फत्ते लाल,** शहर कोतवाली प्रभारी डीग*

### जिला कलेक्टर ने किया जिला हॉस्पिटल का निरीक्षण

# वार्डों में मरीजों से लिया फीडबैक, बोले-पहले से सुधरी हैं व्यवस्थाएं

**चित्तौड़गढ़।** जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने जिला हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं में काफी हद तक सुधार देखते हुए उन्होंने खुशी जाहिर की। उन्होंने सभी वार्डों में जाकर पेशेंट से भी बात की। मौसमी बीमारियों और बेड की साफ-सफाई पर उन्होंने ज्यादा फोकस किया। साथ ही, बाथरूम में एग्जॉस्ट फैन, वार्डों में गार्ड बढ़ाए जाने, लॉन्ड्री डिपार्टमेंट में थोड़ी सुविधाओं का विस्तार करने जैसे निर्देश दिए।

**सभी वार्डों का किया निरीक्षण :** जिला कलेक्टर आलोक रंजन सुबह करीब 11 बजे जिला हॉस्पिटल पहुंचे। यहां उन्होंने एक-एक कर सभी वार्डों में जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने रामाश्रय, आइसोलेशन आईसीयू, थैलेसीमिया वार्ड, सर्जिकल वार्ड, मेल ओर फीमेल वर्ड, ओपीडी, नेत्र वार्ड, भोजन शाला, लॉन्ड्री सभी जगह जाकर मरीजों से बातचीत की। उन्होंने मरीजों से हॉस्पिटल के बारे में फीडबैक लिए। उनको होने वाले परेशानियों के बारे में पूछा। सभी मरीजों ने काफी पॉजिटिव रिस्पांस दिया।

**थैलेसीमिया वार्ड की स्टूडेंट्स से की बातचीत :** थैलेसीमिया वार्ड में पहुंचने पर सेकंड ईयर में पढ़ने वाली एक बालिका ने जिला कलेक्टर से बातचीत की और उन्हें हॉस्पिटल में हुए सुविधाओं



के विस्तार के बारे में बताया। बालिका ने जिला कलेक्टर को यह भी कहा कि अब प्राइवेसी में उनका ब्लड एक्सचेंज हो रहा है, इससे उन्हें खुशी है। बता दें कि पहले एक बार निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर को एक पेशेंट ने अलग से वार्ड होने की मांग की थी, जिसके बाद थैलेसीमिया का अलग से वार्ड बना दिया गया है।

**बेड की सफाई पर किया फोकस :** जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने वॉशरूम में एग्जॉस्ट फैन लगाए जाने, गार्डों की व्यवस्था करने, लॉन्ड्री में सुविधाएं ज्यादा देने की बात कही। उन्होंने मौसमी बीमारियों और बेड की साफ सफाईयों पर ज्यादा फोकस किया। जिला कलेक्टर ने कहा कि हम लगातार कोशिश कर रहे हैं कि हॉस्पिटल में व्यवस्थाएं सुधरें। पहले जो भी कमियां थीं, उन्हें काफी हद तक हॉस्पिटल प्रशासन ने दूर कर दिया है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज निरीक्षण किया है। इस दौरान बेड की साफ सफाई, बाथरूम, टॉयलेट की सफाई पहले से काफी बेहतर है।

**ओपीडी में बढ़ाए चार से पांच काउंटर :** ओपीडी में अभी मौसमी बीमारियों के चलते काफी भीड़ रहती है। लेकिन हॉस्पिटल प्रशासन ने यहां चार से पांच काउंटर बढ़ा दिए हैं, जिससे अब भीड़ बंट गई है।

डेंगू से जुड़े हुए मामले लगातार आ रहे हैं। हालांकि अभी तक कोई सीरियस पेशेंट नहीं आया है। यहां पर दवाइयां भी पर्याप्त उपलब्ध है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि लोग अपना ध्यान रखें और जहां मच्छर पनपते हैं, उन जगहों पर साफ सफाई रखें। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों के पेमेंट को लेकर थोड़ी बहुत समस्या है। पिछले दिनों सफाई आयोग की उपाध्यक्ष आई थी, उनके सामने भी यह मुद्दा रखा गया था। उम्मीद है जल्दी यह सॉल्व हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मैंने सभी मरीजों से पर्सनली बात की है और सभी ने पॉजिटिव फीडबैक दिया है। आगे भी कोशिश रहेगी की ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं दी जा सके। इस दौरान हॉस्पिटल के पीएमओ डॉक्टर जय सिंह मीणा, डॉक्टर अनीश जैन भी मौजूद रहे।

# 272 करोड़ के प्रोजेक्ट का कंगना रनौत ने किया विरोध, गडकरी ने किया था शिलान्यास

**–नितिन गडकरी से मुलाकात के बाद जताई नाराजगी**

**मंडी (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से बीजेपी सांसद कंगना रनौत अब केंद्र सरकार के एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के विरोध में उतर आई हैं। 6 महीने पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कुल्लू की खराहल घाटी में बिजली महादेव रोपवे का ऐलान किया था। 272 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास भी किया गया था, लेकिन अब इस प्रोजेक्ट का कंगना रनौत ने विरोध शुरू कर दिया है।

दरअसल, बिजली महादेव मंदिर के लिए प्रस्तावित इस रोपवे का विरोध खराहल और कशावरी घाटी के लोग काफी समय से कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रोजेक्ट से उनके रोजगार प्रभावित होंगे और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचेगा, क्योंकि रोपवे के निर्माण के लिए कई पेड़ों को काटा जाएगा। साथ ही, ग्रामीणों का मानना है कि देवता इस प्रोजेक्ट से खुश नहीं हैं।

कंगना रनौत ने कहा, मैंने इस प्रोजेक्ट को लेकर नितिन गडकरी से मुलाकात की थी और उन्हें इस मामले की जानकारी दी है। अगर हमारे देवता नहीं चाहते हैं तो यह प्रोजेक्ट बंद होना चाहिए। हमारे लिए हमारे देवता का आदेश आधुनिकीकरण से ज्यादा महत्वपूर्ण है। मैं फिर से नितिन गडकरी से मिलूंगी।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कुल्लू के मोहल नेचर पार्क में इस रोपवे का वर्चुअली शिलान्यास किया था। डेढ़ साल में तैयार होने वाले इस रोपवे के जरिए 36,000 सैलानी रोजाना बिजली महादेव मंदिर पहुंच सकेंगे, जिससे यहां के पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलेगा। फिलहाल सड़क मार्ग से मंदिर पहुंचने में 2-3 घंटे लगते हैं, जबकि



रोपवे से केवल सात मिनट में मंदिर तक पहुंचा जा सकेगा।

### घंटेभर में 1200 लोग पहुंचेंगे

रोपवे के निर्माण कार्य का जिम्मा नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड के पास है। कंपनी के मैनेजर अनिल सेन के अनुसार, यह मोनो केबल रोपवे होगा जिसमें 55 बॉक्स लगाए जाएंगे। एक घंटे में इसकी क्षमता 1200 लोगों को ले जाने की होगी, जिसे बाद में 1800 तक बढ़ाया जाएगा।

### बिजली महादेव की कहानी

कुल्लू घाटी के सुंदर गांव काशावरी में स्थित बिजली महादेव मंदिर 2460 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और भारत के प्राचीन मंदिरों में से एक है। इस मंदिर की खासियत यह है कि हर 12 साल में शिवलिंग पर बिजली गिरती है और शिवलिंग के टुकड़े हो जाते हैं। पुजारी इन टुकड़ों को मक्खन और आटे के पेस्ट से जोड़ते हैं। मंदिर की महिमा के कारण देश-विदेश से श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं।

## बहराइच है या जंगल, जहां दूध पिला रही मां से बच्चे को छीनता नजर आया भेड़िया

बहराइच। ये वो जिला है जहां भेड़िया, सियार, तेंदुआ, बाघ, लकड़बग्गा और न जाने कितने जानवर आए दिन देखे जा रहे हैं। इन जंगली जानवरों को देखकर कई बार लोग मजाक में कहते हैं कि ये बहराइच है जंगल। हद उस वक्त हो गई जब एक मां अपने बच्चे को दूध पिला रही थी। इसी बीच भेड़िया आया और मां से उसका बच्चा छीनने लगा। मां ने शोर मचाया तो भेड़ियां वहां से भाग निकला। बहराइच महसी इलाके में दो मासूम बच्चों पर भेड़िए ने हमला कर दिया। दोनों के गले पर भेड़िये ने रात को हमला कर दिया। भेड़िये ने जिस एक बच्चे पर हमला किया, वो अपनी नानी के घर आया हुआ था। बच्चे का नाम आरुष है, जो कि महज 6 महीने का है। वहीं दूसरी बच्ची का नाम ममता है। ममता पर भेड़िये ने उस वक्त हमला किया, जब उसकी मां उसे दूध पिला रही थी। मां ने शोर मचाया तो भेड़ियां वहां से भाग निकला। इसके बाद आनन-फानन में दोनों बच्चों को अस्पताल ले जाया गया। अब दोनों बच्चों की हालत ठीक बताई जा रही है। बता दें कि भेड़ियों के हमले में अबतक 10 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 50 से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। करीब एक महीने से वन विभाग की टीम बहराइच में डेरा डाले हुए है। इसके अलावा बहराइच में ही 13 साल की बच्ची के गले पर तेंदुएं ने हमला कर दिया। उसकी हालत नाजुक है। उसे लखनऊ रेफर किया गया है। वहीं एक शख्स पर खेत में काम करने के दौरान तेंदुए के हमले में उसके दोनो हाथ जख्मी हो गए हैं। उसका भी उपाय मेडिकल कालेज में चल रहा है। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में भेड़िये का हमला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच तेंदुए और बाघ के भी हमले की खबर सामने आई है। ऐसा लग रहा है कि बहराइच में मानो जंगलराज हो। जिले के महसी तहसील क्षेत्र के करीब 80 गांवों में ये भेड़िया आतंक का पर्याय बन चुका है और इस कदर आदमखोर हो गया है कि वन विभाग की पहरेदारी और गांव के लोगों की चौकीदारी के बीच घरों में घुसकर बच्चों पर हमला कर रहा है। वन विभाग ने भले ही पांच भेड़ियों को पकड़ लिया हो। लेकिन बचे हुए एक भेड़िये ने नाक में दम कर रखा है। गुरुवार की रात को भेड़िये ने एक बार फिर दो बच्चों पर हमला कर दिया।

## गोवा में सस्ती और कर्नाटक में सबसे महंगी बिक रही शराब

नई दिल्ली । भारत में राज्यों में शराब के दाम अलग-अलग हैं। जिनमें काफी अंतर है। उदाहरण की बात करें तो गोवा में शराब सबसे सस्ती है क्योंकि यहां पर टैक्स काफी कम है। वहीं कर्नाटक और महाराष्ट्र में शराब की कीमतें इससे कहीं ज्यादा हैं। भारत में शराब पर वन नेशन वन टैक्स की नीति लागू नहीं है। यानी कि हर राज्य अपनी आवश्यकताओं और नीतियों के अनुसार शराब पर अलग-अलग टैक्स लगाता है। इस कारण, एक ही ब्रांड की शराब एक राज्य में सस्ती हो सकती है, जबकि दूसरे राज्य में वह महंगी बिक सकती है। कर्नाटक देश के सबसे महंगे राज्यों में से एक है। यहां एक शराब की बोतल की औसत कीमत 513 रुपए है, जिसमें 83 का टैक्स शामिल है। कर्नाटक सरकार ने शराब पर भारी टैक्स लगाया है, जिससे आम लोगों के लिए शराब खरीदना मुश्किल हो जाता है। यह स्थिति न केवल स्थानीय लोगों के लिए, बल्कि राज्य में पर्यटन पर निर्भर व्यवसायों के लिए भी चुनौतीपूर्ण है। वहीं तेलंगाना में शराब की औसत कीमत 246 रुपए है और इस पर 68 का टैक्स लगता है। महाराष्ट्र भी शराब की महंगी कीमतों के लिए जाना जाता है, जिससे यहां शराब पीना महंगा हो जाता है। वहीं गोवा जो एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, में शराब की कीमतें सबसे सस्ती हैं। वहां शराब की बोतल की औसत कीमत केवल 100 है। गोवा की राज्य सरकार ने शराब पर टैक्स कम रखा है ताकि स्थानीय लोग और पर्यटक आसानी से शराब खरीद सकें। यह कदम गोवा के पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस प्रकार, शराब की कीमतें विभिन्न राज्यों में उनकी टैक्स नीतियों, आर्थिक स्थिति और स्थानीय मांग पर निर्भर करती हैं।

## स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर पथराव.... एसी बोगी का पूरा शीशा टूट

पटना । बिहार के समस्तीपुर में जयनगर से दिल्ली जा रही स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस (12561) पर एक शख्स के द्वारा पथराव करने का मामला आया है। इस दौरान एक एसी बोगी का पूरा शीशा टूट गया। वहीं, पैंट्री कार का शीशा भी क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना के बाद आरपीएफ की टीम जांच में जुट गई है। स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय 08:55 में समस्तीपुर से जैसे खुली, प्लेटफार्म पर मौजूद एक शख्स ने ट्रेन पर पथराव कर दिया। इसके बाद ट्रेन रुक गई। घटना की जानकारी मिलने पर आरपीएफ की टीम ट्रेन में जांच करने के लिए मौके पर पहुंची। जांच के बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया। ट्रेन में हुए क्षतिग्रस्त शीशे को मुजफ्फरपुर में ठीक किया गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया, जांच में ये बात सामने आई हैं कि प्लेटफॉर्म पर मौजूद एक पागल शख्स ने स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर पथराव किया था, जिसका सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पागल को स्टेशन से भगा दिया गया है। वैसे रेलवे एक-एक बिंदु पर जांच में जुटी है।

## केरल में एमपॉक्स का एक और मामला सामने आया

तिरुवनंतपुरम। केरल में एमपॉक्स का एक और मामला सामने आया है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि जिन लोगों में इसके लक्षण सामने आए हैं, उन्हें उपचार कराने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि स्थिति का आकलन करने के लिए शुक्रवार को एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि मरीज के संपर्क में आने वालों सूची तैयार करने समेत एहतियाती कदम उठाये गये हैं। मंत्री ने विदेश से राज्य में पहुंचे सभी लोगों से आग्रह किया कि वे किसी भी तरह के लक्षण दिखाई देने पर स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करें और उपचार कराएं। मंत्री ने एक बयान में कहा, सभी जिलों में पृथकवास सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने 23 सितंबर को एमपॉक्स की रोकथाम और उपचार के लिए संशोधित दिशा-निर्देश जारी करने की योजना की घोषणा की थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा 2022 में एमपॉक्स को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किए जाने के बाद से भारत में इसके 30 मामले सामने आए हैं।

## कॉलोनी को पाकिस्तान कहने वाले जज श्रीशानंद पर हो सकती है कार्रवाई

नई दिल्ली। कर्नाटक हाईकोर्ट के जस्टिस वी श्रीशानंद की विवादास्पद टिप्पणी के बाद उनकी मुश्किलें बढ़ सकती है। हाल ही में सुनवाई के दौरान जज श्रीशानंद ने बेंगलुरु की एक कॉलोनी को पाकिस्तान कहा था। इस टिप्पणी के बाद सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने उनके ट्रांसफर पर विचार करने का संकेत दिया है। कॉलेजियम में शामिल प्रमुख न्यायाधीशों, जिसमें चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस ऋषिकेश रॉय ने इस मुद्दे पर गंभीरता से चर्चा की।



कर्नाटक हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने 23 सितंबर को जस्टिस श्रीशानंद की टिप्पणियों को लेकर चिंता जताई थी, जिसके बाद कॉलेजियम ने ट्रांसफर करने पर विचार किया। जस्टिस श्रीशानंद के खिलाफ कॉलेजियम का सख्त रुख कई विवादित बयानों के कारण है। उन्होंने पहले भी कई बार विवादों को जन्म दिया है, जिसमें 6 जून को की गई लैंगिक भेदभाव वाली टिप्पणी। इसके अलावा, 28 अगस्त को उनकी पाकिस्तान वाली टिप्पणी के बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया और सख्त नाराजगी जताई। 21 सितंबर को, जस्टिस श्रीशानंद ने खुली अदालत में बिना शर्त माफी मांगी और अपनी विवादास्पद टिप्पणी वापस ली। हालांकि, उनके खिलाफ कार्रवाई की संभावनाएं अभी भी बनी हुई हैं, जिससे उनकी स्थिति और जटिल हो सकती है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए, सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने जस्टिस श्रीशानंद के ट्रांसफर पर आगे की कार्रवाई की योजना बनाई है, जिससे उनके विवादित बयानों को लेकर न्यायपालिका की प्रतिष्ठा को बचाया जा सके।

## लादेन का महिमामंडन कर बुरी फंसी जितेंद्र आव्हाड की पत्नी

**–भाजपा का आरोप इंडी आंतकियों के साथ**

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में एनसीपी (शरदचंद्र पवार) नेता जितेंद्र आव्हाड की पत्नी ऋता आव्हाड ने कुछ ऐसा बयान दे दिया, जिस पर विवाद खड़ा हो गया है। कार्यक्रम के दौरान ऋता ने बच्चों से आंतकी ओसामा बिन लादेन की जीवनी पढ़ने का आग्रह किया और अल-कायदा संस्थापक की तुलना पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम से की। ऋता ने कहा कि लादेन मां के पेट से आतंकी पैदा नहीं हुआ था बल्कि समाज ने लादेन को आतंकी बनाया।

ठाणे में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान ऋता आव्हाड ने कहा, आपको लादेन की जीवनी पढ़नी चाहिए। कलाम जिस तरह राष्ट्रपति बने, उस तरह ओसामा बिन लादेन आतंकवादी बना था। लेकिन वह आतंकवादी क्यों बना? यह समाज ही था जिसने लादेन को ऐसा बनने के लिए मजबूर किया। वह पैदाइशी आतंकी नहीं था।

ऋता के बयान को मुद्दा बनाकर भाजपा ने राकांपा (शरदचंद्र पवार) नेता जितेंद्र आव्हाड पर तीखा हमला बोला है। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पोस्ट में लिखा, जितेंद्र अव्हाड की पत्नी ने खुले मंच से बच्चों से लादेन की जीवनी पढ़ने का आग्रह किया, जैसे उन्होंने एपीजे अब्दुल कलाम के बारे में पढ़ा, ताकि वे समझ सकें कि वह आतंकवादी कैसा बना। आतंकवादियों का बचाव करना इंडिया ब्लॉक में शामिल पार्टियों के नेताओं की आदत बन गई है।

पूनावाला ने कहा, आव्हाड ने इशरत जहां (एलईटी आतंकवादी) का बचाव किया था। इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस, राकांपा (शरदचंद्र पवार) और सपा के नेताओं ने नियमित रूप से याकूब, अफजल, सिमी, कसाब और अन्य आतंकियों का भी बचाव किया है। भाजपा के एक अन्य प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने पूछा कि क्या शरद पवार और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ऋता की इन टिप्पणियों का समर्थन करते हैं। बीजेपी प्रवक्ता भंडारी ने कहा, अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए अब इंडी गठबंधन और एमवीए ने एक नई रणनीति शुरू की है। नेताओं की पत्नियों को इसतरह के बयान देने के लिए प्रोत्साहित करना जो टेरर को सॉफ्ट सपोर्ट का संकेत देते हैं!

# भाजपा जम्मू में आतंकवाद के फिर उभार के लिए जनता से माफी मांगे : उमर अब्दुल्ला

**उधमपुर/जम्मू (एजेंसी)।** नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अपेक्षाकृत शांत रहने वाले जम्मू संभाग में हाल में हुए आतंकवादी हमले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कथित नाकामी दिखाते हैं और पार्टी को जम्मू-कश्मीर की जनता से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद के लिए नेकां, कांग्रेस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को जिम्मेदार ठहराकर पाकिस्तान को 'क्लीन चिट' दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''जम्मू क्षेत्र में आतंकवाद की क्या स्थिति है जहां हमारे बहादुर बल के जवानों को अक्सर निशाना बनाया जाता है? भाजपा को पहले जवाब देना चाहिए कि 2014 के बाद जम्मू क्षेत्र में आतंकवाद क्यों फैला, खासकर पिछले तीन वर्षों में जब हमले बढ़े हैं।''



उन्होंने कहा, ''जम्मू का कोई ऐसा स्थान नहीं है जहां पर आतंकवादी हमले नहीं हुए हों, फिर चाहे चिनाब घाटी हो, पीर पंजाल क्षेत्र हो यारियासी, कठुआ,उधमपुर, जम्मू और सांबा हो... यह उनकी (भाजपा सरकार की) नाकामी को प्रतिबिंबित करता है और पार्टी को इसे स्वीकार कर जनता से माफी मांगनी चाहिए।'' उमर ने उधमपुर पूर्व विधानसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार सुनील वर्मा के समर्थन में आयोजित जनसभा के इतर उमर ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान का संदर्भ दिया जिन्होंने नेकां, कांग्रेस और पीडीपी को जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के लिए जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा, '' जब भाजपा नेता जम्मू-कश्मीर में बोलते हैं तो हमें जिम्मेदार ठहराते हैं, लेकिन जब वे केंद्र शासित प्रदेश से बाहर बोलते हैं तो पाकिस्तान को जिम्मेदार करार देते हैं।''

नेकां उपाध्यक्ष ने कहा, ''वे (भाजपा नेतृत्व) एक बात नहीं करते। अगर हम जिम्मेदार हैं तो फिर वे पाकिस्तान से बात क्यों नहीं करते? आप जम्मू-कश्मीर की धरती से (आतंकवाद के लिए) हमें जिम्मेदार ठहरा रहे हो, इस प्रकार पाकिस्तान को क्लीन चिट दे रहे हो। वे विरोधाभासी बयान दे रहे हैं और जनता को भ्रमित करने के लिए अलग-अलग रुख अपना रहे हैं।'' उन्होंने कहा लेकिन नेशनल कांफ्रेंस एक आवाज में बात करती है चाहे वह जम्मू-कश्मीर हो या कहीं और। भाजपा ने नेकां के घोषणा पत्र की आलोचना की है। इस बारे में पूछे जाने पर उमर अब्दुल्ला ने कहा, '' उनसे आप क्या उम्मीद कर सकते हैं कि वे हमारे घोषणा पत्र की प्रशंसा करेंगे? वे हमारे खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं और यह स्वभाविक है कि वे हमारे घोषणापत्र का विरोध करेंगे।''

उन्होंने कहा, ''मैं खुश हूं और उनकी प्रतिक्रिया के लिए धन्यवाद देता हूं। हम छोटी क्षेत्रीय पार्टी है और जम्मू-कश्मीर से बाहर हमारा कुछ भी नहीं है फिर भी उन्होंने हमारे घोषणापत्र को पूरे देश में चर्चा का विषय बना दिया है। शायद ही कोई केंद्रीय मंत्री या (भाजपा का) मुख्यमंत्री होगा जिसने हमारे घोषणा पत्र पर बात नहीं की हो। मैं भाजपा का शुक्रगुजार हूं।'' उमर ने भाजपा नेतृत्व द्वारा उनका नाम लेकर निशाना बनाए जाने पर कहा, '' सत्ता से इतने लंबे समय से दूर रहने के बावजूद अगर प्रधानमंत्री या गृहमंत्री अपने भाषणों में मुझे याद कर रहे हैं तो इसका अभिप्राय है कि मैंने कुछ अच्छा किया है।'' नेकां नेता ने दावा किया कि विधानसभा चुनाव के शुरुआती दो चरणों में खराब प्रदर्शन की वजह से भाजपा घबराई हुई है। इससे पहले नेकां और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उमर ने कहा कि भाजपा कह रही है कि अगर '' हम सरकार बनाते हैं तो आतंकवाद का सफाया कर देंगे।''

# विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी को झटका, सुनील जाखड़ ने दिया इस्तीफा

**– रवनीत सिंह बिट्टू को केंद्रीय राज्य मंत्री बनाए जाने से थे नाराज**

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव का प्रचार जोरों पर है इसी बीच बीजेपी को जोरदार झटका लगा है। पंजाब में पंचायत चुनाव से पहले बीजेपी अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्हें एक साल पहले ही इस पद की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। पार्टी सूत्रों से पता चला है कि अभी उनका इस्तीफा मंजूर नहीं किया गया है।

इस्तीफे को लेकर सुनील जाखड़ से संपर्क करना चाहा लेकिन उनका फोन नहीं उठा। वहीं इस खुलासे से पंजाब बीजेपी में हलचल मची गई है। पंजाब बीजेपी के जनरल सेक्रेटरी अनिल सरीन ने कहा कि सुनील जाखड़ ने इस्तीफा नहीं दिया है। यह अफवाह है। जानकारी के मुताबिक वह रवनीत सिंह बिट्टू को केंद्रीय राज्य मंत्री बनाए जाने से नाराज चल रहे थे। बिट्टू लोकसभा चुनाव हार गए थे। हालांकि, बाद में उन्हें राजस्थान से राज्यसभा भेजा गया। इसके अलावा वह पंजाब में बीजेपी नेताओं के कामकाज के तरीके से भी नाराज हैं।

इस बारे में जाखड़ पिछले हफ्ते पीएम मोदी के



साथ एक बैठक में पद छोड़ने की इच्छा जता चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक जाखड़ ने जुलाई महीने से ही पार्टी से दूरी बनानी शुरू कर दी थी। हालांकि, बीजेपी के सदस्यता अभियान की शुरुआत के समय वह मौजूद थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पंचायत चुनाव पर चर्चा और तैयारियों को लेकर पार्टी कार्यालय में बैठक रखी हुई। इसमें भी वह नहीं आए। जब बीजेपी के किसी वरिष्ठ नेता ने उन्हें फोन किया तो उनका जवाब था कि वह बैठक में शामिल नहीं होंगे और आगे भी किसी भी बैठक में नहीं आएंगे। इससे पहले जालंधर विधानसभा के उपचुनाव के बाद उनकी तरफ से पीएम मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को बताया था कि वह प्रधान पद पर नहीं रहना चाहते।

जानकारों के मुताबिक जाखड़ के इस्तीफे देने की कई वजह हैं, क्योंकि उनकी लाइन बीजेपी से अलग रही है। लोकसभा चुनाव में वह चाहते थे कि बीजेपी अकाली दल के साथ मिलकर चुनाव लड़े लेकिन बात नहीं बनी। दूसरा बीजेपी के पुराने नेता भी उनसे असहज महसूस कर रहे थे। वह हमेशा कहते हैं कि बाहर से आए लोगों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। जाखड़ जिस हिसाब से पंजाब संगठन में बदलाव चाहते हैं, उससे प्रदेश के नेताओं के अलावा केंद्रीय नेतृत्व भी सहमत नहीं है। जाखड़ का मानना है कि वह अपने हिसाब से काम नहीं कर पा रहे हैं।

### 15 अक्टूबर को पंचायत चुनाव

पंजाब में पंचायती चुनाव का ऐलान हो चुका है। 15 अक्टूबर को मतदान होना है। इसी दिन परिणाम भी आ जाएंगे। 27 से 4 अक्टूबर तक पंच व सरपंच पद के लिए नॉमिनेशन दाखिल कर सकते हैं। करीब 4 महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव में पंजाब में बीजेपी एक भी सीट नहीं जीत पाई है लेकिन इस बार पार्टी का वोट बढ़ा है। बीजेपी, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पार्टी के बाद तीसरे नंबर पर रही थी। बीजेपी को करीब साढ़े 18 फीसदी वोट मिले थे।

# फिलहाल विदा होने को तैयार नहीं है मानसून, एक दर्जन राज्यों में करेगा झमाझम बारिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मानसूनी बारिश पूरी हो गई है इसके बाद भी मानसून फिलहाल विदा होने को तैयार नहीं है। अब लगभग एक दर्जन राज्यों में एक बार फिर झमाझम बारिश करेगा इसके बाद विदाई लेगा। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों को मॉनसून विदाई का तोहफा दे रहा है। इस सप्ताह भी उत्तर से लेकर दक्षिण भारत के 10 से ज्यादा राज्यों में बारिश के आसार हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया है कि अब तक गुरुवार, 26 सितंबर तक पंजाब, राजस्थान और गुजरात के कुछ हिस्सों से विदा हो चुका है। खास बात है कि मॉनसून की विदाई करीब 10 दिनों की देरी से शुरू हुई है।



पूर्वोत्तर के अधिकांश राज्यों में 7 दिनों के दौरान बारिश के आसार हैं। वहीं, झारखंड में 27 सितंबर, बिहार में 28 सितंबर, उप हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में 28 सितंबर, 2 अक्टूबर और 3 अक्टूबर को भारी बारिश हो सकती है। पश्चिम भारत में कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र और गुजरात क्षेत्र में 27 सितंबर को भारी से अति भारी बारिश हो सकती है। वहीं, 28 सितंबर को भी मध्य महाराष्ट्र गुजरात क्षेत्र में भारी बारिश के आसार हैं। शनिवार को सौराष्ट्र और कच्छ में भारी बारिश की संभावनाएं हैं। अगले 7 दिनों के दौरान उत्तराखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगिट, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश में बारिश के आसार हैं। उत्तर पश्चिम क्षेत्र में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में 27 सितंबर और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 27-28 सितंबर को भारी से अति भारी बारिश हो सकती है। पश्चिम मध्य प्रदेश में 27 और 28 सितंबर को भारी बारिश की संभावनाएं हैं। दक्षिण भारतीय राज्यों को लेकर मौसम विभाग ने बताया है कि तमिलनाडु, पुडुचेरी, करईकल में 28 और 29 सितंबर, केरल और माहे में 28 से 30 सितंबर, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में 29 सितंबर, तटीय कर्नाटक में 30 सितंबर को भारी बारिश हो सकती है।

# चीन से विवाद... 65 से बढ़ाकर 72 प्वाइंट्स पर पेट्रोलिंग करेगी सेना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन के साथ सीमा विवाद के बीच भारत ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पूर्वी लद्दाख में पेट्रोलिंग प्वाइंट बढ़ा दिए हैं। सेना अब 65 से बढ़ाकर 72 प्वाइंट्स पर पेट्रोलिंग करेगी। एक रिपोर्ट में आधिकारिक सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि विभिन्न स्थानों पर गश्त बढ़ा दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार कठिन मौसम की स्थिति और इलाके के बावजूद भारतीय सुरक्षा बल क्षेत्र पर अपना वर्चस्व सुनिश्चित कर रहे हैं।

पीपी-04 और पीपी-65 के बीच भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच तनाव कम होने के बाद नए पेट्रोलिंग क्षेत्र की पहचान हुई है। हालांकि दोनों देशों के बीच बफर की मौजूदगी के कारण इन नए गश्ती बिंदुओं तक पहुंचना मुश्किल है, लेकिन सूत्रों ने कहा कि प्रभावी गश्त सुनिश्चित करने के लिए मार्ग बनाए गए हैं। 2013-14 से भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच झड़पें और गतिरोध बढ़े हैं। 2020 में लद्दाख में गतिरोध के कारण हिंसक झड़पें हुईं। इसमें एक कर्नल सहित 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे।

रिपोर्ट के मुताबिक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि तब से सुरक्षा बलों को नई तकनीक, ड्रोन, बुनियादी ढांचे, बलों के बीच बेहतर समन्वय और वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (वीवीपी) का उपयोग करके एलएसी के साथ सीमावर्ती गांवों के विकास के लिए केंद्र की हालिया पहल से बेहतर तरीके से सुसज्जित किया गया है।

### चीन के साथ 3488 किलोमीटर का बॉर्डर

भारत चीन के साथ 3,488 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। इसमें उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के बीच का मध्य क्षेत्र भारत की तरफ और तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र चीन की तरफ है। जबकि पूर्वी क्षेत्र अरुणाचल, सिक्किम और तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र चीन की तरफ है। लद्दाख चीन के साथ 1,597 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है, उसके बाद अरुणाचल (1,126 किलोमीटर) है।



## प्रदूषण विभाग व एनजीटी की स्वीकृति है तो धन के बल पर दी होगी


# वैरा जैतपुरा गाँव के पास स्वीकृत औद्योगिक प्रयोजनार्थ ईकाई पर रोक लगाने की माँग की सरपंच ने

## वैरा जैतपुरा सरपंच व ग्रामीणों ने आदोलन करने की धमकी

## सुमेरपुर पालिका की अंधे पन से अवैध कृषि आधारित उद्योगों के नाम गावों में हो रहा फैक्ट्रीओ के निर्माण रोका जाएँ

## फैक्ट्रीओ से निकलने वाले केमिकल्स युक्त गंदा पानी से आसपास की जमीने खराब होगी व केमिकल पानी पीकर सैकडों गाय व बछडे नंदी मरेगे

### इन फैक्ट्रीओ से फैलने वाले प्रदूषण धुएँ व केमिकल्स युक्त गंदा पानी से लोगों के जीवन खतरे मे कोन कारवाई करेंगा








द पुलिस पोस्ट

शिवगंज सिरोही की शरद से 100 मीटर दूर फैक्ट्रीया लग रही है बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां जिस पंचायत में यह फैक्ट्री हो रही है वह पैराफेरी सुमेरपुर नगर पालिका के अधीन है पर 100 फिट पर वैरा जैतपुरा की पंचायत है और वेरा जेतपुरा के अधीन सभी मकानों की लगती सीमा के अंदर यह फैक्ट्री बन रही है जो लोगों के जीवन खतरे का डर बना हुआ है क्योंकि यह फैक्ट्री जहाँ बनेगी इससे प्रदूषण पहले तो मरेंगे तो गाव वेरा जैतपुरा वाले ही जिसकी स्वीकृति से यह फैक्ट्री हुई है वह पालडी जोड वहां से 8 किलोमीटर दूर है पालिका भी इतनी ही है पर उनको कोई समस्या नहीं होती है पर समस्या आएगी तो वैरा जैतपुरा वालों और सिरोही विधानसभा वालों को आएगी क्योंकि नगर पालिका शिवगंज की पैराफेरी बस सुमेरपुर की पैरा फेरी लगती सीमा में बची फैक्ट्री नियमों के विपरीत जारी कर रहे हैं पालिका प्रशासन भ्रष्टाचार की सीमा पार करने नगर पालिका सुमेरपुर प्रशासन द्वारा लाखों रुपया की डील कर बड़ी-बड़ी कृषि आधारित उद्योग से फजीर्वाड़ा कहा जाता है सिर्फ सरकार से फायदा लेने के लिए यह कृषि आधारित उद्योग ले रहे है क्योंकि यहां पर जमींने सभी एसटी की है पावर अटॉर्नी पर खरीदी जमीनों को सरकार को खारिज करना चाहिए नहीं की सेंठ की जमीन खरीदने वालों के लिए बढ़ावा देना खसरा संख्या 1628 /1 वह 1607 /1698 पालड़ी जोड़ के अधिन आती है पर इसकी सीमा में इससे 100 फीट दूरी पर वैरा जैतपुरा गाँव है की सीमा आ रही है जो नियमों के विपरीत है सुमेरपुर नगर पालिका पेरा फेरी में औद्योगिक परियोजना कृषि आधारित उद्योग जो फजीर्वाड़ा कर सरकार को चूना लगाया जा रहा है क्योंकि यह भूमि एसटी की है जनरल वाले इसको खरीद कर इसमें कृषि आधारित उद्योग खोल रहे हैं जिससे सरकार को करोड़ों रुपए का चूना लगाया जा सके वह अपना धंधा चालू हो सके पर इनको यह पता है कि इससे होने वाला प्रदूषण वहां पर निवास करने वाले लोगों के लिए कितना खतरनाक होगा क्योंकि नगर पालिका सुमेरपुर में हुआ है रजिस्ट्रेशन पर यह सीमा नगर पालिका शिवगंज के अधीन आ रही है और वेरा जेतपुरा ग्राम से 100 फीट दूरी है वहां पर निवास करने वाले लोगों का जीवन खतरे में बना हुआ है उनके जीवन की रक्षा कौन करेगा क्योंकि यह शिवगंज से वेरा जैतपुरा जाने वाली सड़क पर है औद्योगिक परियोजना फैक्ट्री खुल रही है जैसे सिर्फ कृषि आधारित उद्योग बताना सरकार को चूना लगाना ही रह गया है क्योंकि इन्होंने चुपके से नहीं तो वेरा जेतपुरा पंचायत से कोई स्वीकृति ली गई और नहीं शिवगंज तहसील से बहुत दूर सुमेरपुर तहसील व सुमेरपुर नगर पालिका से स्वीकृति लेना मतलब शिवगंज तहसील के वैरा जेतपुरा गांव की जनता के साथ धोखाधड़ी है राजनीतिक हो रही है फैक्ट्रियां जिसमें बड़ी सेटिंग हुई है पालिका अध्यक्ष वह अधिशाषी अधिकारी भूमि बाबू जमीन कन्वॅजन करने वाले बाबू ने सभी प्रकार का फजीर्वाड़ा कर वरिष्ठ नगर नियोजक जोधपुर व जिला कलेक्टर पाली के हाथों हुआ फजीर्वाड़ा क्या इन अधिकारियों ने मौका नहीं देखा होगा उनको पता नहीं की पास में आबादी क्षेत्र है क्योंकि सामने ही मकान बने हुए हैं वहां पर छोटे-छोटे बच्चे बड़े बुजुर्ग बहने महिला निवास कर रही है जब इस फैक्ट्री से निकलने वाले प्रदूषण धुएँ से उनके जीवन पर क्या असर पड़ेगा इनके बारे में कोई अधिकारी व नेताजी नहीं सोच रहे है



राजस्थान सरकार — NIC-BHUNAKSHA

खसरा नक्शा एंव जमाबंदी(प्रतिलिपि) — दिनांक : 11/04/2024 05:07:10 PM

जिला :पाली — तहसील : सुमेरपुर — भू. अ. नि. क्षेत्र :पालडी


पटवारीपालडी — ग्राम : पालडी


1605 1606 1619/1 1620 1620/1 1618 1617 1607 1616 1607/1698 1569 1615 1614 1608 1613 1608/1699

Scale 1:2000

खसरा संख्या :1607/1698 क्षेत्रफल : 0.6000 Hectare खाता संख्या : 327पुराना खाता संख्या :113
भूमि किस्म[क्षेत्रफल लगान ]: औधोगिक प्रयोजनार्थ ( क्रर्षि आधारित उधोग) [ 0.6000 ]
1.) नगरपालिका सुमेरपुर हिस्सा- पूर्ण संस्था के लिए

सक्षम अधिकारी के
हस्ताक्षर एंव सील






## सरपंच महोदय का क्या कहना है

वेरा जेतपुरा सरपंच करणसिंह देवड़ा ने बताया कि मेरी पंचायत से कुछ पालड़ी जोड़ पंचायत सुमेरपुर नगर पालिका पेरा फैरी क्षेत्र में मेरे बिना स्वीकृति से प्रदूषण फैलाने वाली बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां संचालित हो रही है वह आगे पट्टे भी जारी हो गए जो पूर्व में संचालित हो रही फैक्ट्री से फैलने धुआँ व केमिकल युक्त पानी से मेरी शरद की जमीन खराब हो रही है और भविष्य में पालिका सुमेरपुर प्रशासन व जिला प्रशासन पाली को में चेतावनी दे रहा हूं कि आगे बंद करवा दो ईन फैक्ट्री का संचालन पर उनके पट्टे भी खारिज किया जाए नहीं तो मैं मेरा जेतपुरा पंचायत की जनता के साथ जिला कलेक्टर कार्यालय के बहार धरना प्रदर्शन करूंगा वह हो सका तो जनता के लिए माननीय उच्च न्यायालय हाईकोर्ट जोधपुर का सहारा लुगा भविष्य में कभी भी यह प्रदूषण युक्त केमिकल युक्त फैक्ट्री का निर्माण नहीं होने दूंगा अगर अभी भी कार्यवाही नही की तो मुझे जयपुर मुखयमंत्री व स्वायत शासन मंत्री से मिलकर कारवाई करवाएगे जल्दी ।

**करणसिंह देवड़ा सरपंच ग्राम पंचायत वेरा जेतपुरा**

वेरा जेतपुरा की शरद के अंदर पेरा फेरी सुमेरपुर के अंदर बन रही है बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां जिससे होने वाले प्रदूषण वह इन फैक्ट्री से निकलने वाला केमिकल युक्त गंदा पानी के लिए हम इन फैक्ट्री का निर्माण होने नहीं देंगे क्योंकि हमारे गांव में छोटे-छोटे बच्चे वह बड़े बुजुर्ग महिलाएं यह बहनें खुलेआम रहती है वह उनके स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह प्रशासन ने बड़ी फैक्ट्रियां बनाने की स्वीकृति प्रदान कर दि है क्यों नहीं इन फैक्ट्रीओं का निर्माण रोका जाए नहीं तो गांव वालों के साथ हम भी उग्र आंदोलन करेंगे इसके तमाम जिम्मेदारी आप प्रशासन की रहेगी
अभयसिंह देवड़ा व्यवसाय ग्राम पंचायत वेरा जेतपुरा

सुमेरपुर नगर पालिका क्षेत्र व पैराफैरी मे कृषि आधारित उद्योगों को लेकर फजीर्वाडा किया है उसकी जाँच होनी चाहिए सुमेरपुर पैराफैरी क्षेत्र अवैध निर्माण फैक्ट्रीया फार्म हाउस कोलोनीया व पालडी जोड मे कृषि आधारित उद्योग का फायदा लेकर ईमीटेशन हब की कई फैक्ट्री चालु हो गई है ईससे पालिका कोष का करोडों रुपए का नुकसान किया है उनकी जाँच होनी चाहिए ईन फजीर्वाडा की जाँच होनी चाहिए

**प्रेमचंद बरूत पार्षद व पूर्व जिला अध्यक्ष पाली सुमेरपुर**

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक उपेन्द्रसिंह राठौड़, अम्बर ऑफसेट प्रा.लिडीएल टॉवर, उए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र जेएलएन मार्ग जयपुर से मुद्रित एवं भू-तल ऑरबिट मॉल, सिविल लाइंस, जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित, 99280-96524, पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, (सहसंपादक) 8696750000, पंकज गर्ग (प्रबंध संपादक) 01482-455184, 9214417111